Vol.21, Issue 8 | Annual Subscription ₹420

June 2022

@NewsRotary /RotaryNewsIndia

रोटरी समाचार

INDIA
www.rotarynewsonline.org

Rotary



वार्षिक सदस्यता का नवीनीकरण

रोटरी समाचार की निरंतर आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए, कृपया अपनी वार्षिक सदस्यता का नवीनीकरण करें।

₹480 - प्रिंट **₹420 - ई-संस्करण**

नोट: रोटरी समाचार **पत्रिका की सदस्यता लेना अनिवार्य है**, कृपया ध्यान दें, रोटरी इंटरनेशनल के अनुसार सदस्यता नहीं लेने पर क्लब को निरस्त किया जा सकता है।

ऑनलाइन भुगतान के लिए हमारा बैंक विवरण: HDFC बैंक, मॉन्टीएथ रोड, एग्मोर, चेन्नई - रोटरी न्यूज ट्रस्ट, बचत खाता संख्या 50100213133460; IFSC HDFC0003820। **जी-पे के माध्यम से भी सदस्यता शुल्क दिया जा सकता है** (QR कोड नीचे दिया गया है)।

- **UTR नंबर, क्लब का नाम, अध्यक्ष/सचिव का नाम, राशि और हस्तांतरण की तिथि को** *rotarynews@rosaonline.org* **पर हमारे साथ साझा करें। या 9840078074 पर व्हाट्सएप करें।** सदस्य के नाम के साथ भाषा वरीयता (अंग्रेजी, हिंदी या तमिल) भी इंगित करें।
- https://rotarynewsonline.org/wp-content/uploads/2022/01/Subscription-Form-22-23.pdf पर जाकर सदस्यता प्रपत्र डाउनलोड करें: हम जून में सभी क्लब अध्यक्षों और सचिवों को फार्म ई-मेल करेंगे। क्लब के अधिकारी नए अधिकृत क्लबों को सदस्यता के लिए हमसे संपर्क करने की सलाह दें।
- क्लब के अधिकारियों को क्लब की सदस्यता या सदस्यों के डाक पते में परिवर्तन होने पर *रोटरी न्यूज* को **नियमित रूप से** अपडेट करना चाहिए ताकि निर्बाध और सुचारू रूप से पत्रिका की आपूर्ति सुनिश्चित की जा सके।
- पिन कोड, मोबाइल नंबर और ई-मेल आईडी सहित पूर्ण डाक पते के साथ सभी सदस्यों के नाम फॉर्म के साथ डीडी/चेक सहित संलग्न किए जाने चाहिए।
- व्यक्तिगत सदस्य कृपया सुनिश्चित करें कि आपका नाम क्लब की सदस्यता सूची में शामिल हो ताकि आपको पत्रिका की प्रतिलिपि नियमित रूप से प्राप्त होती रहें।
- यदि आपके क्षेत्र में डाक की कोई समस्या या विलंब होता हो तो क्लब थोक प्रेषण का विकल्प भी चुन सकते है। कृपया हमसे संपर्क करें।

Rotary Club of .... RI District ....

Name of the President/Secretary ....

Address ....

....

....

City .... State .... PIN

STD Code .... Phone: Off. .... Res. ....

Mobile .... E-mail ....

Print version ☐ **e-Version** ☐

No. of Copies	English	Hindi	Tamil

For every new member the pro-rata is ₹40 a month.

Cheque/DD No. .... Dated .... for Rs. ....

Drawn on ....

in favour of "**ROTARY NEWS TRUST**" is enclosed.

Date: President/Secretary

Scan here to pay

12

22

28

32

44

58

विषयसूची

12 नेपाल का एक रोटरी क्लब एक परिवर्तनशील परियोजना करता है
रोटरी क्लब महाबौद्धा की 236 घरों में पाइप जलापूर्ति लाने और एक पानी के लिए दुखी गांव में कई शौचालयों का निर्माण करने की अविश्वसनीय उपलब्धि के बारे में पढ़ें।

22 बालिका सशक्तिकरण परियोजनाओं से अभिभूत हूँ
शेखर मेहता रो ई अध्यक्ष के रूप में अपना साल पूरा करने जा रहे है, रोटरी न्यूज़ ने उनके साथ किए गए एक साक्षात्कार में उनके विचार और वर्ष की यादों को कैद किया।

28 संबलपुर में रोटरी मदर एंड चाइल्ड हॉस्पिटल
एक दशक से अधिक समय तक चुनौतियों का सामना करते हुए, क्लब ने हाल ही में कम विशेषाधिकार प्राप्त लोगों की सेवा के लिए अस्पताल का उद्घाटन किया।

32 श्रीलंका के रोटेरियन सुशासन की मांग करते हैं
पीआरआईपी केआर रवींद्रन के नेतृत्व में रोटेरियनों ने कोलंबो में एकजुटता दिखाते हुए संकट के मानवीय पहलू का पदयात्रा करके समर्थन किया।

38 कैंसर के उत्तरजीवियों के लिए कृत्रिम स्तन
रोटरी क्लब नासिक ग्रैपसिटी और अकोला द्वारा वितरित बुने हुआ नॉकर्स स्तन कैंसर के उत्तरजीवियों का आत्मविश्वास और आराम बढ़ाने में मदद करता है।

44 हैदराबाद सम्मेलन में अध्यक्ष मेहता ने पुरानी यादें ताज़ा कीं
रोटरी अध्यक्षीय सम्मेलन को संबोधित करते हुए, रो ई अध्यक्ष ने प्रभावशाली सदस्यता वृद्धि और फोकस के सभी क्षेत्रों में उनके काम के लिए भारतीय रोटेरियन की सराहना की।

58 MoUs रोटरी की साक्षरता पहलों को मजबूती प्रदान करते हैं
रोटरी प्रेसिडेंशियल कॉन्फ्रेंस में आरआईएलएम के लक्ष्यों का समर्थन करने के लिए पांच समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए गए।

66 बेड़ियाँ तोड़ने के लिए आवाज़ उठाओ
विश्व शौचालय संगठन के संस्थापक जैक सिम ने रोटेरियन लोगों से समुदायों को उचित स्वच्छता सुविधाएं प्रदान करने का आग्रह किया।

Scan our QR code & visit our Website

कवर पर: नेपाल के पेरे गांव में एक महिला अपने बच्चे को नहलाती हुई। पानी की समस्या समाप्त कर रोटरी ने इस गांव की स्थिति बदल दी हैं।

Scan our QR code & read our Magazine

आपके पत्र

रोटरी न्यूज़ की ताकत

मैंने हाल ही में मई अंक पढ़ा और इसे अपनी उड़ान में अपने साथ ले गया। मेरे सह-यात्री ने मुझसे पूछा कि यह प्रकाशन किस बारे में है, और मैंने गर्व से उसे प्रति और अपना विजिटिंग कार्ड उपहार में दिया। *रोटरी न्यूज़* में रोटरी परियोजना की जानकारी के अलावा कई दिलचस्प कॉलम हैं और यह सामग्री बहुत अधिक मूल्य जोड़ती है।

मई के अंक में महान गायक तलत महमूद पर एक विस्तृत लेख है। इस तरह के लेख एक ताज़ा बदलाव हैं।



रोटरी न्यूज़ को रोटरी परियोजनाओं के लिए कॉर्पोरेट समर्थन के बारे में अधिक समाचारों को कवर करना चाहिए। यह हमें अपनी पत्रिका की एक प्रति कॉर्पोरेट पुस्तकालयों, प्रतीक्षालय या स्वागत क्षेत्रों में रखने में सक्षम करेगा, और कई गैर-रोटेरियन इसे पढ़ेंगे और रोटरी के बारे में रुचि लेंगे। इससे रोटरी की सार्वजनिक छवि में निखार आएगा। सबसे अच्छी खबर यह है कि मेरे सह-यात्री ने मुझे बाद में फोन किया और जुलाई में रोटरी में शामिल होंगे। ऐसी है रोटरी न्यूज़ की ताकत।

दीपक शिखरपुर
रोटरी क्लब पुणे-शिवाजीनगर - मंडल 3131

मई अंक सर्वोत्तम पठनीय सामग्री के साथ एक उत्कृष्ट और मनोरंजक संस्करण है। मैं विशेष रूप से दो लेखों को पढ़कर खुश था: एक जयश्री द्वारा मेरे क्लब की परियोजनाओं के बारे में और दूसरा संजय दानैत के वन्य जीवन के अनुभव पर लिखा गया था, जिसमें लंगूर शिकार का एक दुर्लभ फोटो शूट शामिल था। अन्य लेख भी पठनीय है। यह पत्रिका वास्तव में एक प्रतिष्ठित और एक बेशकीमती हिस्सा बन गई है, जिसे कभी छोड़ा नहीं जा सकता। रशीदा के संपादकत्व में *रोटरी न्यूज़* अधिक ऊंचाइयों पर पहुंच रहा है।

अनिल लेटे
रोटरी क्लब पूना डाउनटाउन - मंडल 3131

अप्रैल का अंक थोड़ा अलग और दिलचस्प है क्योंकि यह रोटरी क्लबों और मंडलों की विशाल परियोजनाओं से भरा हुआ है, पिछले अंकों की तरह नहीं जिसके 60-70 पन्ने उच्च-स्तरीय बैठकों और घटनाओं से भरे होते थे। इन्साइड पृष्ठ सब कुछ बयां करता है। उम्मीद है आगे भी ऐसा ही चले ताकि क्लबों और मंडलों को अधिक उपयोगी परियोजनाओं को करने के लिए प्रोत्साहन मिलता रहें।

गोपालाकृष्णन नटराजन
रोटरी क्लब राजपालयम किंग्स सिटी - मंडल 3212

बैंगलोर क्लब रास्ता दिखाता हैं

रोटरी क्लब बैंगलोर ने इस साल अविश्वसनीय रूप से 200 परियोजनाएं की है जो रोटरी के सभी ध्यानाकर्षण क्षेत्रों को कवर करती है। इसका श्रेय क्लब अध्यक्ष काशीनाथ प्रभु और उनकी टीम को जाता है। इस तरह के लेख अन्य क्लबों के रोटेरियनों को भी प्रेरित करेंगे।

टी डी भाटिया
रोटरी क्लब दिल्ली मयूर विहार
मंडल 3012

रोटरी क्लब बैंगलोर लेकसाइड द्वारा उपहार में दी गई साइकिलों के साथ स्कूली लड़कियों की कवर फोटो उनके परिवर्तन के बारे में बहुत कुछ बताती है। यह पढ़कर खुशी हुई कि अंतिम अध्यक्षीय सम्मेलन विश्व शांति पर ध्यान केंद्रित करेगा। संपादक का संदेश श्रीलंका के आर्थिक संकट तरह से बयां करता है। रो ई निदेशक महेश कोटबागी और ए एस वेंकटेश के संदेश दिलचस्प थे।

संस्थान के न्यासी प्रमुख जॉन एफ जर्म का संदेश, राजेंद्र साबू का लेख *डांस के लिए तैयार हो जाओ,* एक झलक, सभी तथ्य से भरपूर एवं पढ़ने योग्य है। तलत महमूद पर लिखित लेख बढ़िया है। टीम रोटरी न्यूज़ को उनके अथक प्रयासों के लिए बधाई।

फिलिप मूलप्पोन एम टी
रोटरी क्लब त्रिवेंद्रम सबअर्बन
मंडल 3211

स्कूली लड़कियों के सशक्तिकरण वाला कवर पेज दिलचस्प था। हमारे सदस्य PDG राजू सुब्रमण्यन को विधान परिषद में उपाध्यक्ष के रूप में देखना हमारे क्लब के लिए सम्मान की बात है। मैं क्लबों द्वारा योजना बनाने की आवश्यकता पर रो ई निदेशक ए एस वेंकटेश द्वारा व्यक्त किए गए विचारों से पूरी तरह से सहमत हूँ। रोटरी क्लब बैंगलोर लेकसाइड पर कवर स्टोरी प्रेरणादायक थी। PRIP राजेंद्र साबू के लेख को पढ़कर मेरे चेहरे पर मुस्कान आ गई। पिछले 25 वर्षों में रोटरी क्लब देवनार द्वारा अपनी RCC में किए गए अतुलनीय कार्य को प्रकाशित करने के लिए धन्यवाद।

विवेक खंडेलवाल
रोटरी क्लब देवनार
मंडल 3141

रोटरी क्लब बैंगलोर लेकसाइड के अध्यक्ष काशीनाथ प्रभु रोटरी वर्ष

के पहले नौ महीनों में ₹1.5 करोड़ की लागत वाली 200 परियोजनाओं को निष्पादित करने के उनके अद्भुत कार्य के लिए हमारी पूरे दिल से प्रशंसा के हकदार है।

उन्होंने सावधानीपूर्वक परियोजनाओं की योजना बनाई, जिससे उन्हें बढ़िया परिणाम प्राप्त हुए। यह उम्मीद करते है कि वह भविष्य में मंडल गवर्नर के रूप में पदोन्नत होंगे। रोटरी ने यूक्रेन के लोगों के नुकसान और पीड़ाओं को कम करने के लिए एक सुनियोजित अभ्यास शुरू किया है। आइए हम सभी यूक्रेन में शांति और सामान्य स्थिति की बहाली के लिए प्रार्थना करें।

एस मोहन
रोटरी क्लब मदुरई वेस्ट
मंडल 3000

अप्रैल के अंक में रोटरी की एनेट्स द्वारा शुरू की गई जल संरक्षण परियोजना पर एक लेख के साथ ताज़ा परिवर्तन आया है। रोटरी क्लब मद्रास मिडसिटी, चेन्नई मेट्रोज़ोन की अपनी एनेट्स को प्रेरित करने हेतु सराहना की जानी चाहिए।

हमेशा की तरह TCA श्रीनिवासा राघवन का ध्वनि प्रदूषण पर लिखित LBW लेख दिलचस्प है।

आदेश सिक्री
रोटरी क्लब नवी मुंबई
मंडल 3142

संपादक रशीदा भगत की प्रेरणादायक कवर स्टोरी पुणे के रोटेरियनों ने बेघर बच्चों को उपहार में घर दिया ने रेणु गावस्कर और रोटरी क्लब पुणे लक्ष्मी रोड के रोटेरियनों के निस्वार्थ प्रयासों पर प्रकाश डाला।

यह नया घर शिक्षा और व्यावसायिक प्रशिक्षण के माध्यम से गरीब बच्चों के भविष्य निर्माण में सहायक होगा। यह उन्हें नशीली दवाएं बेचने और बच्चों का अवैध व्यापार करने जैसी सामाजिक बुराइयों से भी बचाएगा। इस परियोजना के उद्घाटन में रो ई निदेशक महेश कोटबागी के दौरे ने उन्हें प्रेरित किया होगा।

नवीन गर्ग
रोटरी क्लब सुनाम
मंडल 3090

आइए हम अपने पर्यावरण की रक्षा के लिए रो ई अध्यक्ष शेखर मेहता के संदेश को वास्तविक रूप दें। यह हमारा कर्तव्य है कि हम अपने पर्यावरण को और अधिक विनाश से बचाने के उद्देश्य से परियोजनाओं को तैयार करें और इस मुद्दे पर जनता को जागरूक करें।

आर थायुमानवन
रोटरी क्लब कडलोर मिडटाउन
मंडल 2981

रोटरी का प्रदर्शन

अप्रैल अंक में रो ई अध्यक्ष शेखर मेहता ने रोटरी क्लबों की सदस्यता बढ़ाने के प्रयासों की सराहना की। वह चाहते है कि हम ऐसी परियोजनाएं करें जो जनता के बीच हमारे उद्देश्य का प्रदर्शन करें और रोटरी के लिए एक अच्छी सार्वजनिक छवि बनाएं।

संपादक ने यूक्रेन में चल रहे युद्ध की वजह से यूक्रेनी लोगों के दुखों को स्पष्ट रूप से समझाया। उन्होंने मध्य पूर्व और अफगानिस्तान के हालिया युद्धों की ओर भी इशारा किया है, जिनके परिणाम दुखद हुए। रोटरी में 25 साल की सेवा पूरी कर चुके रोटेरियनों को सम्मानित करने के लिए DG पंकज शाह को सलाम। कवर स्टोरी में सामाजिक कार्यकर्ता रेणु गावस्कर ने लड़कियों की कम उम्र में शादी के खतरों के बारे में विस्तार से बताया है। उनके द्वारा सुनाया गया एक किस्सा जिसमें एक लड़की को लोग केवल कपड़े देते है जिससे उसे एक बेकार वस्तु जैसा महसूस होता है, काफी कुछ बयां करता है।

एस मुनियांदी
रोटरी क्लब डिंडीगुल फोर्ट
मंडल 3000

यूक्रेन की दिल दहला देने वाली कहानी

लगभग आधी सदी पहले 1974 में तमिलनाडु, केरल और श्रीलंका के कुछ हिस्सों को शामिल करते हुए तत्कालीन रो ई मंडल 321 के एक पूर्व DRR होने के नाते, मैंने युद्धग्रस्त यूक्रेन के DRR इरीना बुशमीना की प्रेरणादायक कहानी को अपने दिल में गर्व के साथ पढ़ा।

उनका कथन उचित, उज्ज्वल और दिल छू लेने वाला था। हवाई बमबारी और उनके चारों ओर आगे बढ़ते हुए टैंकों के बीच इतनी दुखद स्थिति में ये असहाय किशोर और क्या कर सकते है? फिर भी, वे राजनेताओं के लालच की वजह से इस अनावश्यक युद्ध के कारण होने वाले दुख को कम करने के लिए अपना छोटा-छोटा योगदान दे रहे है।

अपनी मातृभूमि से भागकर एक विदेशी भूमि में रोटेरियनों के घरों में शरण ढूंढना, वास्तव में आश्चर्यजनक है क्योंकि यह रोटरी के सच्चे आदर्शवाद को दर्शाता है। हमें आप पर गर्व है इरिना। हम दिल से आपके साथ है। आपके क्षेत्र में रोटरी जो कुछ भी करती है उससे आपको और समर्थन मिले।

टोमी ईपेन
रोटरी क्लब अलेप्पी
मंडल 3211

We welcome your feedback.Write to the Editor: **rotarynews@rosaonline.org; rushbhagat@gmail.com.** Mail your project details,along with hi-res photos, to **rotarynewsmagazine@gmail.com.**

Messages on your club/district projects, information and links on zoom meetings/webinar should be sent only by e-mail to the Editor at **rushbhagat@gmail.com** or **rotarynewsmagazine@gmail.com.** WHATSAPP MESSAGES WILL NOT BE ENTERTAINED.

Click on **Rotary News Plus** on our website **www.rotarynewsonline.org** to read about more Rotary projects.

SERVE TO CHANGE LIVES

रोटरी को उच्चतम स्तर तक पहुँचाना

रोटरी के प्यारे परिवर्तनकारियों को मेरा नमस्कार,

रोटरी के लिए यह कितना अद्भुत वर्ष रहा है।

आप हर चुनौती पर खरे उतरे है जिसमें *grow more, do more* शामिल है और रोटरी पहले से कई अधिक तरीकों से विकसित हुई है। इस वर्ष सभी ध्यानाकर्षण क्षेत्रों से संबंधित जीवन-परिवर्तक नवीन परियोजनाओं को देखा गया क्योंकि हमने यूनिसेफ, कॉमनवेल्थ और वैश्विक नेताओं के साथ उच्चतम स्तर पर महत्वपूर्ण काम किया। हमारे प्रयासों ने लड़कियों को सशक्त बनाने, पर्यावरण में सुधार लाने और साक्षरता एवं स्वास्थ्य में तरक्की करने के अवसर खोलें।

मैं आप में से प्रत्येक को आपकी सक्रिय सेवा के लिए धन्यवाद देना चाहता हूँ। मैं अपने रोटरी साथियों को यह सुनिश्चित करने के लिए भी धन्यवाद देना चाहता हूँ कि हम अपने दिलों में शांति के साथ अपने साथी मनुष्यों की देखभाल कर सकते है।

व्यक्तिगत रूप से, यह राशी और मेरे लिए एक बेहद सार्थक वर्ष रहा है। हम हजारों रोटेरियनों से मिले और दुनिया भर में उनके महान कार्यों से प्रेरित हुए। राज्य प्रमुखों, नेताओं और नौकरशाहों के साथ हुई बैठक में हम रोटरी के कार्यों को उच्चतम स्तर पर प्रदर्शित करने में भी सक्षम रहे और हमने उनके साथ काम करने की पेशकश भी की ताकि हम यह बता सकें कि रोटरी इस दुनिया की परवाह करती है और यहाँ शांति स्थापित करना चाहती है। और अपनी बात को यहाँ विराम देते हुए राशि और मैं आपको *जीवन परिवर्तक सेवा करने* हेतु शुभकामनाएं देना चाहते है।

Shekhar Mehta

शेखर मेहता

अध्यक्ष, रोटरी इंटरनेशनल



संपादक
का संदेश

हम मुश्किल हालात से गुज़र रहे हैं

क्या आप उस मनुष्य की नितांत बेबसी, अपमान और मायूसी का अंदाजा लगा सकते हैं जो आज के युग में भी,वर्ष में एक बार भी स्नान नहीं कर सकता? असंभव,आप कह सकते हैं या सोच सकते हैं। लेकिन जैसा इस अंक की कवर स्टोरी पढ़ने से मालूम चलता है, अपने रोटरी ज़ोन, नेपाल में समुद्र तल से 11,000 फीट की ऊंचाई पर स्थित पेरे नामक गाँव की पूरी आबादी, इस अपमान को तब तक झेलती रही है, जब तक कि रोटरी ने उनकी ज़िन्दगी में दस्तक नहीं दी।

मार्च 2022 में रोटरी क्लब ऑफ महाबौद्ध, रो ई मंडसल 3292, काठमांडू ने कुल 1,363 लोगों की जनसँख्या वाले इस गांव के सभी 236 घरों में पाइप से जलापूर्ति कर लगभग असंभव कार्य किया है। लेकिन ऊपर पहाड़ों में, पानी के झरने नहीं होते क्या, आप पूछ सकते हैं। सवाल जायज है ; इसका जवाब ये है कि पेरे गांव में एक नदी बहती है, लेकिन ऊंचाई पर होने के कारण, इस पर साल भर बर्फ जमी रहती है और ग्रामीणों के लिए उपयोगी नहीं है। अपने पीने, खाना पकाने और न्यूनतम धुलाई की जरूरतों के लिए, गाँव की महिलाओं को पहाड़ी झरने से बमुश्किल दो, तीन घड़े भर के लाने के लिए रोज़ 2 किमी चलना पड़ता था।

रोटेरियनों की सहायता से न केवल उनके घरों में पाइप से पानी की आपूर्ति हो रही है, स्विट्ज़रलैंड के एक क्लब के साथ साझेदारी में की गई वैश्विक अनुदान परियोजना के माध्यम से, वो अपने घरों में शौचालय का निर्माण भी कर रहे हैं, लोग अब रोज़ नहा सकते हैं, अपने कपड़े धो सकते हैं, अपनी जमीन पर खेती कर सकते हैं और सिर्फ जड़ीय सब्जियों के अलावा अन्य फसलों को उगा कर उसका उपभोग भी करते हैं। बच्चे फिर से स्कूल जाने लगे हैं, और एक बच्चे ने सवाल पूछा: 'स्कूल के बाद, आगे की पढ़ाई कैसे जारी रख सकता हूँ?'

आशा, इस तरह की उम्मीद जगाती है लोगों के मन में रोटरी ... गरीबी और अभाव से परे लगने वाला भविष्य का सपना साकार करती है, लेकिन एक तरफ जहां काठमांडू क्लब इस क्रन्तिकारी और परिवर्तनशील 196,000 डॉलर की परियोजना करने के लिए हमारी तारीफ का हक़दार है, उधर श्रीलंका में हालात बिगड़ते जा रहे हैं। जैसे ही देश अराजकता के और गहरे गर्त में उतरा और श्रीलंका के युवाओं ने अपने भ्रष्ट राजनेताओं को सबक सिखाने के लिए सड़क पर उतरने का फैसला किया, लघु द्वीप-राष्ट्र के कोलम्बो में रोटेरियनों, रोटरैक्टर्स ने पूर्व रोटरी अध्यक्ष के आर रवींद्रन के नेतृत्व में सरकार से जवाबदेही और एक भ्रष्टाचार मुक्त शासन की मांग करते हुए एकता मार्च निकाला, ताकि देश को उस दलदल से बाहर निकाला जा सके जिसमें वह आकंठ डूब चुका है। वहीं यूक्रेन में शत्रुता, हिंसा और रक्तपात जारी है, और हमारे अपने देश में मुद्रास्फीति की समस्या विकराल होती जा रही है, नौकरियां जाने और आवश्यक वस्तुओं की बढ़ती कीमतें, वंचित और निम्न मध्यम वर्ग के भारतीयों को तनावपूर्ण समय में धकेल रही है, हमें खुश रहने की वैसे ही बहुत कम वजह देती है हमारी दुनिया, जब तक आप रोटेरियनों द्वारा की जा रही परिवर्तनशील सेवा परियोजनाओं को नहीं देख लें। नेपाल का पेरे गांव इसका ज्वलन्त उदाहरण है।

जैसा रो ई अध्यक्ष शेखर मेहता इसी अंक में प्रकाशित एक साक्षात्कार में कहते हैं, रोटरी के शीर्ष पर पहुँचने के उपरान्त लड़कियों के सशक्तिकरण के उद्देश्य से की जा रही अद्भुत परियोजनाओं को देखना उनके कार्यकाल का सबसे संतोषजनक पहलू था ... चाहे वो मिस्र में, नाइजीरिया में या उनके गृह नगर कोलकाता में हो, और निश्चित रूप से शेष भारत में।

जब लड़कियों और महिलाओं को वास्तव में सशक्त किया जाता है, तो भारत क्या वो दुनिया के किसी भी देश की सूरत बदल सकती हैं। जरूरत है सिर्फ जरा सी मदद की ... और उनके पंखों को हवा की।

रशीदा भगत

Governors Council

RID 2981 S Balaji
RID 2982 K Sundharalingam
RID 3000 R Jeyakkan
RID 3011 Anup Mittal
RID 3012 Ashok Aggarwal
RID 3020 Rama Rao M
RID 3030 Ramesh Vishwanath Meher
RID 3040 Col Mahendra Mishra
RID 3053 Sanjay Malviya
RID 3054 Ashok K Mangal
RID 3060 Santosh Pradhan
RID 3070 Dr Upinder Singh Ghai
RID 3080 Ajay Madan
RID 3090 Parveen Jindal
RID 3100 Rajiv Singhal
RID 3110 Mukesh Singhal
RID 3120 Samar Raj Garg
RID 3131 Pankaj Arun Shah
RID 3132 Dr Omprakash B Motipawale
RID 3141 Rajendra Agarwal
RID 3142 Dr Mayuresh Warke
RID 3150 K Prabhakar
RID 3160 Thirupathi Naidu V
RID 3170 Gaurishkumar Manohar Dhond
RID 3181 A R Ravindra Bhat
RID 3182 Ramachandra Murthy M G
RID 3190 Fazal Mahmood
RID 3201 Rajasekhar Srinivasan
RID 3203 Shanmugasundaram K
RID 3204 Dr Rajesh Subash
RID 3211 Srinivasan K
RID 3212 Jacintha Dharma
RID 3231 Nirmal Raghavan W M
RID 3232 Sridhar J
RID 3240 Dr Mohan Shyam Konwar
RID 3250 Pratim Banerjee
RID 3261 Sunil Phatak
RID 3262 Santanu Kumar Pani
RID 3291 Prabir Chatterjee

Printed by PT Prabhakar at Rasi Graphics Pvt Ltd, 40, Peters Road, Royapettah, Chennai - 600 014, India, and published by PT Prabhakar on behalf of Rotary News Trust from Dugar Towers, 3rd Flr, 34, Marshalls Road, Egmore, Chennai 600 008. Editor: Rasheeda Bhagat.

The views expressed by contributors are not necessarily those of the Editor or Trustees of Rotary News Trust (RNT) or Rotary International (RI). No liability can be accepted for any loss arising from editorial or advertisement content. Contributions — original content — is welcome but the Editor reserves the right to edit for clarity or length. Content can be reproduced with permission and attributed to RNT.

निदेशकों

रोटरी सम्मेलनों का जादू

जैसा कि रोटरी अपनी सदस्यता प्रोफ़ाइल और विचार प्रक्रिया में अधिक विविधता, निष्पक्षता और समावेश की ओर बढ़ रही है, हमें भी अपने दृष्टिकोण को एक गहरी प्रेरणा प्रदान करने के लिए एक शक्तिशाली सामूहिक अभियान में असंख्य व्यक्तित्वों, उनकी अंतर्दृष्टि और विचारों को आत्मसात करने के लिए तैयार रहना होगा।

डिजिटल तकनीक से कृत्रिम बुद्धिमत्ता में आए सुधार ने सफलता प्राप्त करने के लिए अपने काम और घरेलू जीवन को व्यवस्थित करने के तरीकों को बदल दिया है। हमें अपनी सेवा परियोजनाओं में दीर्घकालिक सफलता और स्थिरता प्राप्त करने के लिए इस तकनीकी प्रगति का उपयोग करना चाहिए। रो ई ने विश्व की समझ और शांति को बढ़ावा देने के लिए भौगोलिक सीमाओं के पार आभासी और भौतिक बैठकों की एक मिश्रित संस्कृति को भी अपनाया है। केवल मनोरंजन और दिल्लगी के अलावा, आज रोटरी सम्मेलन एवं शिखर सम्मेलन ऐसे मंचों के रूप में विकसित हो रहे है जहाँ विभिन्न व्यक्तिगत और पेशेवर पृष्ठभूमि के रोटेरियन और उनके साझेदार समुदाय की जरूरतों को पूरा करने के लिए सेवा परियोजनाओं के मॉडल तैयार करने हेतु अपने अद्वितीय विशिष्ट ज्ञान और अनुभव को साझा करते है।

व्यक्तिगत तौर पर, सम्मेलनों और शिखर सम्मेलनों में भाग लेने वाले रोटेरियनों के लिए फेलोशिप मेनू स्थायी संबंध बनाने के अवसर प्रदान करता है, जो औपचारिक तौर पर हाथ मिलाने से अधिक होता है! रोटरी सम्मेलनों के दौरान होने वाली बातचीत में विशेषज्ञों द्वारा साझा की गई जानकारी, मीडिया स्वच्छंद और ऊपरी जानकारी से विपरीत हैं। इस जानकारी ने नए दृष्टिकोण प्रदान किए है जिनका उपयोग हम अपने पेशेवर और व्यक्तिगत जीवन में कर सकते है। रोटरी कार्यक्रम से आपको अपने कार्य क्षेत्रों में विशेषज्ञों से अत्याधुनिक दृष्टिकोण प्राप्त होता है और यह संपूर्ण पारंपरिक और आधुनिक संगीत एवं नृत्य मनोरंजन प्रदान करता है। अपने करीबियों के साथ संजोने और साझा करने वाला एक अनुभव। जैसे-जैसे आपकी उम्र बढ़ती है, ये यादें और ताज़ा होती जाएंगी जो आपको अतीत की यादों से सराबोर कर देंगी जिससे आप अपने अच्छे समय को बार-बार जी पाएंगे।

आत्मा के स्तर पर, सम्मेलनों से प्राप्त होने वाला पोषण और उत्साह हमारे मानसिक क्षितिज का विस्तार करता है, हमें अपने आत्म-विश्वास को सीमित करने से रोकता है और खुशी, आनंद और परमानन्द के आंतरिक द्वार खोलता है। ये शिखर सम्मेलन रोटेरियनों एवं अन्य के साथ साझेदारी करने के लिए हमें आत्मविश्वास और ऊर्जा से भर देते है।

मैं प्रत्येक रोटेरियन और साझेदार से आग्रह करता हूं कि वे रोटरी अध्यक्षीय और साक्षरता सम्मेलनों में भाग लें ताकि वे हमारे संगठन के जादू का अनुभव कर सके और उनके द्वारा प्रदान की जाने वाली अनूठी फेलोशिप का आनंद ले सके।

महेश कोटबागी
रो ई निदेशक, 2021-23

का संदेश

सदस्य जुड़ाव - हमारा मार्गदर्शक मंत्र

यह वर्ष का वह समय है जब हमारे क्षेत्र में कई सदस्य रोटरी में अपनी सदस्यता जारी रखने की योग्यता पर निर्णय लेते हैं। कहने की जरूरत नहीं है, कि एक मज़बूत और बढ़ती सदस्यता एक मज़बूत और जीवंत क्लब के लिए एक शर्त है।

न केवल सदस्य, बल्कि वफादार घटक जो सक्रिय रूप से घटनाओं और अवसरों में संलग्न हैं, क्लब को एक संस्कृति विकसित करने और अपनी सेवाओं और परियोजना पहलों की सफलता सुनिश्चित करने की अनुमति देंगे।

क्लब के नए सदस्यों को बातचीत में शामिल करने, उन्हें गतिविधियों में शामिल करने और उन्हें क्लब की चीजों की व्यापक योजना में वांछित और प्रासंगिक महसूस कराने के लिए क्लब के वरिष्ठ सदस्यों पर निर्भर करता है।

हर किसी के पास रोटरी में शामिल होने का एक कारण है और वह सभी कारण स्वीकार्य हैं। यह सेवा, फैलोशिप, दोस्ती, आत्म - विकास आदि हो सकता है। एक अवधि में, यह कारण बदलता रहता है क्योंकि संगठन में सदस्य विकसित होता है। लेकिन याद रखने की महत्वपूर्ण बात यह है कि कोई भी बिना कारण नहीं है। क्लब अपने सदस्यों को अपनी व्यक्तिगत जरूरतों को पूरा करने वाली गतिविधियों में शामिल होने के लिए जितना अधिक अवसर प्रदान करता है, उतना ही मजबूत सदस्य और क्लब के बीच का बंधन होगा।

सदस्य प्रतिधारण के लाभ एक लंबे खेल के लिए कुछ कर रहे हैं, लेकिन धैर्य के पुरस्कार महान और बेहद संतोषजनक हैं। इसके अलावा, एक मजबूत सदस्यता प्रतिधारण रणनीति नए सदस्य अधिग्रहण में भी वृद्धि कर सकती है। मजबूत सदस्य प्रतिधारण दर और सदस्य बन्धन का एक उच्च स्तर आपको उत्कृष्टता की प्रतिष्ठा बनाने की अनुमति देता है। जबकि वर्तमान सदस्य क्लब के कार्यक्रमों और परियोजनाओं का जुनून से समर्थन करेंगे, संभावित सदस्यों को सार्वजनिक छवि द्वारा तैयार किया जाएगा जिसे आप स्वचालित रूप से पोषित करेंगे।

हमारे संगठन के लिए सबसे अच्छे ब्रांड एंबेसडर वही हैं जो पहले से हैं। इसके लिए एक प्राकृतिक परिणाम यह है कि जो लोग छोड़ते हैं वे गरीब ब्रांड राजदूत बनाते हैं। इस मंत्र को मार्गदर्शक होने दें। क्लब की गतिविधियों में सदस्यों की व्यस्तता संयोगवश नहीं होती है। यह एक सोची - समझी रणनीति, सचेत निर्णयों और ईमानदारी से कार्यान्वयन का परिणाम है। मैं आप सभी से इसमें अपनी भूमिका निभाने का आग्रह करता हूं। आज हमें बीज बोने की जरूरत है अगर हम कल फल चाहते हैं।

हाथ में एक पक्षी पेड़ पर दो से बेहतर है!

ए एस वेंकटेश
रो ई निदेशक, 2021-23

Board of Trustees

Shekhar Mehta RID 3291
RI President

Dr Mahesh Kotbagi RID 3131
RI Director & Chairman, Rotary News Trust

AS Venkatesh RID 3232
RI Director

Gulam A Vahanvaty RID 3141
TRF Trustee

Rajendra K Saboo RID 3080
Kalyan Banerjee RID 3060
Panduranga Setty RID 3190
Ashok Mahajan RID 3141
P T Prabhakar RID 3232
Dr Manoj D Desai RID 3060
C Basker RID 3000
Dr Bharat Pandya RID 3141
Kamal Sanghvi RID 3250

Executive Committee Members (2021–22)

Gaurish Dhond RID 3170
Chairman Governors Council

Anup Mittal RID 3011
Secretary Governors Council

Ramesh Meher RID 3030
Secretary Executive Committee

V Thirupathi Naidu RID 3160
Treasurer Executive Committee

Jacintha Dharma RID 3212
Member Advisory Committee

Editor
Rasheeda Bhagat

Deputy Editor
Jaishree Padmanabhan

Administration and Advertisement Manager
Vishwanathan K

Rotary News Trust
3rd Floor, Dugar Towers,
34 Marshalls Road, Egmore
Chennai 600 008, India.
Phone: 044 42145666
rotarynews@rosaonline.org
www.rotarynewsonline.org

Now share articles from *rotarynewsonline.org* on WhatsApp.

फाउंडेशन ट्रस्टी अध्यक्ष का संदेश

वर्तमान से अच्छा कोई समय नहीं है



शेष पोलियो पीड़ित स्थानिक देशों, अफगानिस्तान और पाकिस्तान, में पोलियो के मामले अपने इतिहास के सबसे निचले स्तर पर है। इसके वैश्विक उन्मूलन को लेकर चुनौतियां बनी हुई है और हमारा काम अभी तक समाप्त नहीं हुआ है, लेकिन हम उत्साहजनक प्रगति कर रहे है जो आपके सहयोग के बिना संभव नहीं हो पाती।

रोटरी को पोलियो उन्मूलन के लिए हर साल 50 मिलियन डॉलर जुटाने की आवश्यकता होती है और महामारी के दौरान ऐसा करना कोई आसान काम नहीं है। लेकिन रोटरी क्लब जल्दी से अनुकूलित हो जाते है। जब व्यक्तिगत रूप से कार्यक्रम कर पाना संभव नहीं था, तब अनेक क्लबों ने सफलतापूर्वक ऑनलाइन धन जुटाया।

हमने नवंबर में गिविंग ट्यूस्डे के दौरान एक और यादगार पल बनाया जब रोटरी संस्थान को 1.2 मिलियन डॉलर प्राप्त हुए। हम पहले से कहीं अधिक मौजूदा और संभावित दाताओं तक पहुंचे - 40 देशों के लगभग 500,000 सदस्य। हमारे सबसे व्यस्त क्लबों में से कुछ बहामास, भारत, सिंगापुर, ताइवान और संयुक्त राज्य अमेरिका में स्थित है। हम उन सभी सदस्यों को धन्यवाद देते है जिन्होंने गिविंग ट्यूस्डे को सफल बनाया।

इस साल यात्रा प्रतिबंधों के कारण रोटरी प्रतिनिधि मध्य पूर्व या उत्तरी अफ्रीका में हमारे अगले रोटरी शांति केंद्र की स्थापना के लिए हमारे द्वारा किए जा रहे प्रयासों के चलते संभावित मेजबान विश्वविद्यालयों का दौरा नहीं कर सकें। लेकिन शांति की हमारी तलाश के रास्ते में कुछ भी नहीं आ सकता; ह्यूस्टन में 3-4 जून के मध्य आयोजित होने वाले रोटरी अध्यक्षीय सम्मेलन के लिए योजनाएं बनाई जा रही है जो शांति पर ध्यान केंद्रित करेगी और मैं वहाँ जाने के लिए तत्पर हूँ।

इस साल, रोटरी ने दुनिया भर के हजारों लोगों की जरूरतों को पूरा करने के लिए 1,000 से अधिक वैश्विक, मंडल और आपदा प्रतिक्रिया अनुदान को मंजूरी देकर शांति के लिए हमारी प्रतिबद्धता में एक और योगदान दिया है। जब तक भूखे लोगों को भोजन नहीं मिलता, परिवारों की स्वच्छ जल तक पहुंच नहीं होती और हर जगह बच्चे शिक्षित नहीं हो जाते, तब तक दुनिया में वास्तविक शांति नहीं आ सकती।

हमने इस साल अपने समय का अच्छी तरह उपयोग किया है, लेकिन हमारा काम कभी पूरा नहीं होता। हमें हमेशा अधिक रोटरी और रोटरेक्ट सदस्यों की आवश्यकता होती है जिनकी मेहनत, विचारों और योगदानों के माध्यम से रोटरी के नेतृत्व वाली संस्थान परियोजनाएं जरूरतमन्द लोगों के लिए स्थायी परिवर्तन लाएगी।

तो चलिए आज के हमारे समय में हम अपना सर्वोत्तम करें। और यही चीज़ हर दिन दोबारा करते रहे।

जॉन एफ जर्म

ट्रस्टी अध्यक्ष, द रोटरी फौउंडेशन

फाउंडेशन ट्रस्टी का संदेश

लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए अतिरिक्त प्रयास करें

चूंकि रोटरी वर्ष 2021-22 खत्म होने वाला है और जब मंडल गवर्नर और क्लब अध्यक्ष अंतिम चरण की मांगों और वादों को पूरा करने का प्रयास करते है, मुझे डायलन थॉमस का प्रसिद्ध कथन याद आता है: शांति से मौत को गले न लगाए। अर्थात अपना अंतिम कार्य इतनी शिद्दत से करें कि उसका महिमामंडन होता रहें। यह किसी के आखिरी टेस्ट मैच में एक शतक बनाने के समान है। रिकॉर्ड के लिए ग्रेग चैपल, अजहरुद्दीन और एलिस्टेयर कुक कुछ ऐसे व्यक्ति है जिन्होंने ऐसा किया है।

30 जून को अध्यक्ष शेखर मेहता का कार्यकाल समाप्त हो रहा है और मेरे लिए भी, यह वो दिन होगा जब TRF न्यासी के रूप में मेरा चार साल का कार्यकाल समाप्त होगा। जब मैं यह लिख रहा हूँ, तब से हमारे पास इस साल को खत्म होने में केवल छह सप्ताह से भी कम समय बचा है। मुझे दृढ़ विश्वास है कि हर कोई संस्थान के लक्ष्य की पूर्ति के लिए अपना पूरा ज़ोर लगाएगा। मैं भी वादा करता हूँ कि मैं भी अपनी पूरी ताकत लगा दूंगा। हम बहुत ही कठिन समय, महामारी और अन्य चीजों से गुजरे है, पर अब उम्मीद की किरण नज़र आ रही है कि सब ठीक होगा। एक साथ काम करने से मदद मिली है और हमने टीम वर्क के माध्यम से बहुत कुछ हासिल किया है।

लेकिन हम शांति से नहीं बैठ सकते। पिछले कुछ वर्षों से भारत दुनिया भर में TRF योगदान में दूसरे स्थान पर है। हालांकि, पिछले साल दक्षिण कोरिया दूसरे स्थान पर था। क्या हम दोबारा उस जगह को हासिल कर सकते है? मेरा मानना है कि अगर हम 30 मिलियन डॉलर के अपने अखिल भारतीय लक्ष्य तक पहुंच जाते हैं तो हम ऐसा कर सकते है। और उसके लिए दोस्तों, मेरा विनम्र अनुरोध है: चलो हमारे संस्थान के लिए हर संभव अतिरिक्त प्रयास करें।

इस पत्रिका के माध्यम से आपको संबोधित करना बहुत खुशी की बात रही है लेकिन अब अलविदा कहने का समय आ गया है। हालांकि अलविदा कहना दुख देता है पर मैं बहुत उत्साहित रहूंगा क्योंकि हर नई शुरुआत किसी अन्य शुरुआत के अंत से ही होती है।

गुलाम ए वाहनवती

ट्रस्टी, द रोटरी फौउंडेशन

District Wise TRF Contributions as on April 2022

(in US Dollars)

District Number	Annual Fund	PolioPlus	Endowment Fund	Other Funds	Total Contributions	EREY Donors (in numbers)	EREY %
India							
2981	103,435	1,730	15,000	227,859	348,025	176	3.3
2982	46,199	6,360	2,500	3,449	58,507	214	6.6
3000	28,644	1,446	0	47,376	77,466	28	0.6
3011	27,608	10,044	0	306,762	344,415	44	1.0
3012	25,495	18,504	68,712	474,855	587,566	79	2.1
3020	81,009	35,966	37,997	4,620	159,592	219	5.2
3030	101,735	1,831	63,185	15,704	182,454	197	4.2
3040	34,828	284	0	78,494	113,607	9	0.4
3053	15,447	1,911	27	140,610	157,995	61	2.2
3054	14,629	3,194	0	244,969	262,792	36	0.5
3060	128,815	10,306	833	159,157	299,111	1,763	36.6
3070	40,317	127	0	27,601	68,045	214	6.9
3080	74,862	7,565	15,784	15,842	114,053	226	7.1
3090	46,035	2,379	29,000	0	77,414	190	9.1
3100	45,679	100	0	2,537	48,316	94	4.3
3110	31,338	68	1,014	32,817	65,237	125	3.6
3120	67,844	1,000	0	0	68,844	316	9.3
3131	436,326	36,005	59,000	944,031	1,475,362	2,068	44.1
3132	29,219	3,554	5,000	12,029	49,803	57	1.7
3141	440,425	8,500	137,532	1,620,564	2,207,021	1,146	19.4
3142	363,133	6,564	20,998	269,547	660,242	871	25.7
3150	97,620	44,343	141,000	118,109	401,072	734	18.6
3160	136,015	4,673	17,264	0	157,952	63	2.6
3170	111,205	16,555	1,714	197,871	327,346	492	8.4
3181	65,459	5,442	203	116	71,219	354	10.8
3182	56,657	9,508	4,000	29,715	99,880	244	7.8
3190	306,545	36,230	30,411	311,644	684,830	1,380	22.4
3201	132,261	65,706	0	344,678	542,646	518	9.1
3203	50,599	18,638	7,086	335,269	411,592	185	4.6
3204	35,125	6,423	0	1,036	42,584	67	3.5
3211	50,681	724	0	18,999	70,403	117	2.6
3212	90,032	2,590	1,036	9,811	103,469	126	2.5
3231	23,678	11,691	9,867	8,738	53,974	157	4.6
3232	120,457	97,702	125,052	1,249,913	1,593,124	234	3.3
3240	127,765	12,581	0	77,864	218,210	553	16.9
3250	30,640	3,576	1,036	19,532	54,784	387	10.6
3261	9,636	1,713	300	189,528	201,177	25	0.9
3262	22,849	3,658	0	0	26,508	75	2.0
3291	150,664	4,636	35,604	22,785	213,689	381	10.1
India Total	**3,800,912**	**503,828**	**831,154**	**7,564,432**	**12,700,325**	**14,225**	**9.1**
3220 **Sri Lanka**	87,061	24,336	2,010	1,000	114,407	245	10.8
3271 **Pakistan**	6,275	5,431	0	20,905	32,610	10	0.5
3272 **Pakistan**	16,857	11,158	0	2,117	30,132	14	0.8
3281 **Bangladesh**	85,988	69,087	26,118	390,221	571,414	177	2.2
3282 **Bangladesh**	39,494	19,916	1,000	40,044	100,454	122	3.3
3292 **Nepal**	141,571	19,130	51,321	128,588	340,609	831	14.3
South Asia Total	**4,178,157**	**652,885**	**911,603**	**8,147,307**	**13,889,951**	**15,624**	**8.7**

Annual Fund (AF) includes SHARE, Areas of Focus, World Fund and Disaster Response.

Source: RI South Asia Office.

नेपाल का एक रोटरी क्लब एक परिवर्तनशील परियोजना करता है

रशीदा भगत

क्या आप ऐसे इंसानों की कल्पना कर सकते हैं, जो पूरे साल सिर्फ एक बार भी इसलिए स्नान नहीं कर सकते क्योंकि नहाने के लिए उनके पास पानी नहीं है? न ही वो अपने कपड़े धो सकते हैं। है ना डरावनी बात, रोंगटे खड़े हो गए? जी हाँ, समुद्र तल से 11,000 फीट की ऊँचाई पर स्थित, नेपाल के एक गाँव, पेरे के सभी 1,363 लोग, ठीक इसी दुर्दशा में रहे, जब तक उनके जीवन में रोटरी का प्रवेश नहीं हुआ।

मार्च 2022 में, काठमांडू में रोटरी क्लब ऑफ महाबौद्ध, रो ई मंडल 3292, ने इस गांव में सभी 236 घरों में पाइप से पानी की सप्लाई कर लगभग असंभव को साकार कर दिया और ग्रामीणों के जीवन को वास्तव में परिवर्तित कर दिया। लेकिन आज अपने घरों में पानी आने, नियमित रूप से स्नान करने, अपने कपड़े धोने, अपनी जमीन पर खेती करने और सिर्फ जड़ वाली सब्जियों के बजाये फसल उगाने में सक्षम ग्रामीणों को आत्म-सम्मान और गरिमा से कहीं अधिक दिया है ... इसने उन्हें आशा दी है, उज्जवल भविष्य का सपना दिया है।

> **जब हमने इस गांव का चयन किया, तो कई सदस्यों ने आशंका जताई थी कि इस जगह तक पहुंचना ही बहुत मुश्किल है, आप काम की निगरानी और उसे पूरा कैसे करेंगे।**
>
> **देवराज घिमेरे**
> परियोजना संपर्क

जब रो ई मंडल 3170 के पीडीजी गणेश भट, दक्षिण एशिया के तकनीकी सलाहकारों का एक टीआरएफ कैडर को, हाल ही में पेरे गांव में 196,000 डॉलर की रोटरी ग्लोबल ग्रांट परियोजना का आकलन और मूल्यांकन करने के लिए भेजा गया था, वहां एक युवा लड़के ने उनसे कक्षा 10 से आगे की पढ़ाई जारी रखने की संभावना के बारे में पूछा था।

जो बच्चे अपने घरों से कभी-कभार ही बाहर निकलते थे, वे अब नहा धो कर साफ-सुथरे कपड़े पहन गांव के स्कूल जाने लगे हैं। जब उस छोटे लड़के ने रोटेरियन से पूछा, कक्षा 10 के बाद पढ़ाई कैसे करें, तो पास में खड़े शिक्षक ने कहा: ''ये प्रश्न वह आप से पूछ रहा है, यह प्रमाण है उस उम्मीद का जो उन्हें रोटरी ने दी है, एक उज्जवल भविष्य की आशा।'' इससे पहले, लड़का सिर्फ 10वीं कक्षा तक पढ़ने की ही सोच सकता था।

रोटरी के लगभग सभी फोकस क्षेत्रों - WinS, साक्षरता, जल और स्वच्छता, स्वास्थ्य और स्वच्छता, आजीविका वृद्धि - पर केंद्रित इस अनूठी परियोजना की जानकारी में गोता लगाने से पहले, पेरे गांव के बारे में और जानते हैं - जहां काठमांडू से दो घरेलू उड़ान और खतरनाक रूप से संकरी सड़क पर 4 घंटे की कठिन यात्रा के बाद ही पहुंचा जा सकता है, *रोटरी न्यूज़* ने रोटरी क्लब महाबौद्ध के पूर्व अध्यक्ष देवराज घिमेरे से संपर्क किया, जिन्होंने इस परियोजना पर बहुत मेहनत की है।

उनके क्लब ने सुदूर क्षेत्र में बसे इस गांव को ही क्यों चुना, जहां पहुंचना इतना मुश्किल है, यह पूछने पर उन्होंने कहा: ''हमारे मंडल 3292 का इलाका पहाड़ी है और कई स्थानों तक पहुंचना मुश्किल है। इसलिए यहां के ज्यादातर रोटरी क्लब आसपास के गांवों में ही प्रोजेक्ट चुनते हैं। हमारा 42 सदस्यों का क्लब, एक अत्यंत सक्रिय और गतिशील क्लब है, लेकिन जब हमने इस गांव का चयन किया, तो कई सदस्यों ने आशंका जताई थी कि इस जगह तक पहुंचना ही बहुत मुश्किल है, आप काम की निगरानी और उसे पूरा कैसे करेंगे।''

काठमांडू क्लब को 196,000 डॉलर की इस ग्लोबल ग्रांट के लिए एक अंतरराष्ट्रीय भागीदार के रूप में स्विट्ज़रलैंड का रोटरी क्लब कैसे मिला, इसकी कहानी बड़ी दिलचस्प है, कि ज़िन्दगी में जब अच्छी चीजें घटित होने वाली होती हैं, तो अपने आप दूर दराज के संपर्क कैसे बनते



पानी की टंकी के निर्माण स्थल पर पूर्व अध्यक्ष देवराज घिमेरे (बाएं) के साथ पीडीजी भट।

हैं। ''स्विट्ज़रलैंड में हमारे एक मित्र हैं एलेक्स ज़ांड, जो काठमांडू विश्वविद्यालय के अतिथि प्रोफेसर थे। कई साल पहले उन्होंने जुमला के एक तकनीकी कॉलेज में पढ़ाया था। लेकिन हम निरंतर संपर्क में बने रहे और जब भी वो नेपाल आते, हम उन्हें क्लब की बैठकों में एक वक्ता के रूप में आमंत्रित किया करते थे,'' घिमेरे कहते हैं।

इन रोटेरियनों के साथ प्रोफेसर ज़ांड के बहुत ही दोस्ताना सम्बन्ध थे और उन्होंने ही उन्हें पेरे गांव के और उन ग्रामीणों को तत्काल मदद की आवश्यकताओं से अवगत कराया था। प्रोफेसर के स्विटजरलैंड लौटने के बाद, रोटरी क्लब महाबौद्ध के रोटेरियन ने प्रोफेसर से संपर्क किया और स्विट्ज़रलैंड के किसी रोटरी क्लब से जुड़ने में उनकी सहायता मांगी, जिस के सदस्यों की पेरे में एक परिवर्तनशील परियोजना में भागीदारी करने में रूचि हो।

पानी की कमी इतनी गंभीर थी कि ग्रामीणों के पास खेतों में शौच करने के बाद खुद को साफ करने के लिए भी पानी नहीं था।

इसी बीच उन्होंने अमेरिका और ऑस्ट्रेलिया में भी सहयोगियों की तलाश की थी। लेकिन साझेदारी का सन्देश स्विस क्लब से आया। लगभग 3-4 साल पहले, जब प्रोफेसर ज़ांड ने क्लब के सदस्यों को पेरे के ग्रामीणों की दुर्दशा के बारे में बताया था, ''हम कुछ कपड़े और खाना वहां लेकर गए थे और उन की दयनीय दशा देखी थी, तभी हमने फैसला किया कि यदि वास्तव में हम किसी समुदाय के जीवन में परिवर्तन लाने के लिए कोई सेवा परियोजना करना चाहते हैं, तो इसी गांव में करनी चाहिए,'' घिमेरे कहते हैं।

टीआरएफ कैडर के सदस्य पीडीजी गणेश भट गांव में परियोजना स्थल का निरीक्षण करते हुए।

RITS नेपाल, पानी और स्वच्छता संबंधित परियोजनाओं में विशेषज्ञता रखने वाला एक गैर-लाभकारी संगठन है, एक भागीदार के रूप में उसका चयन बिलकुल उपयुक्त था क्योंकि ''उनके पास ऐसी परियोजनाओं को निष्पादित करने का अनुभव है और उन्होंने नज़दीकी जिले में एक छोटी जल विद्युत परियोजना का निर्माण भी किया था, साथ ही वे आस-पास के गांवों में ग्रीनहाउस प्रोजेक्ट भी कर रहे हैं।''

रोटेरियनों ने देखा कि गांववासियों की सबसे बड़ी समस्या थी पीने का पानी खाना पकाने और धोने के लिए पानी की किल्लत। हालाँकि गाँव में एक नदी है, लेकिन समुद्र तल से 11,000 फीट की ऊंचाई पर स्थित होने के कारण इस नदी में साल भर बर्फ जमी रहती है।

गांव से लगभग 2 किमी दूर, पहाड़ियों में 200 मीटर की ऊंचाई पर पानी का एक झरना बहता है, और ग्रामीण अपने घरेलू उपयोग के लिए यहां से रोज़ाना मुश्किल से 3-4 बर्तन पानी ला रहे थे। खुले में शौच करना आम बात थी, और पानी की कमी इतनी गंभीर थी कि ग्रामीणों के पास खेतों में शौच करने के बाद खुद को साफ करने के लिए भी पानी नहीं था। इसमें कोई आश्चर्य नहीं है कि उन्होंने शौचालय के बारे में कभी सुना ही नहीं था या इसका उपयोग किस लिए किया जाता है। स्वच्छता और सुरक्षित पेयजल की इतनी

> **आप लोग पहले यहां आते थे, तो हम आपसे कम से कम 15–20 मीटर दूर खड़े रहते थे, आपसे बात भी नहीं करते थे, क्योंकि आप हमारी बदबू सहन नहीं कर पाते।**
>
> **एक गावँ वासी ने PDG भट से कहाँ।**

क्लब द्वारा लगाए गए नल से पानी भरती हुयी कुछ महिलाएं।

भयानक कमी के कारण, गाँव में बीमारी भी फ़ैल रही थी।

लेकिन दो साल पहले जैसे ही इस गांव में परियोजना काम शुरू हुआ, रोटरी का जादू नज़र आने लगा। मार्च 2022 में, जब रोटरी कैडर के सदस्य, पीडीजी भट - काठमांडू से दो उड़ान और फिर एक खतरनाक संकरी सड़क पर 4 घंटे की ड्राइव पर लंबी यात्रा तय करने के बाद, गाँव पहुँचे जहाँ पूरे रास्ते ज्यादातर समय विद्या, ''मेरी पत्नी और मैं इतने भयभीत रहे कि हमने अपनी आँखें बंद कर ली थीं, क्योंकि हमारी जीप हर कुछ मिनटों में उछलती या टकराती थी,'' - प्रसन्नचित ग्रामीणों के एक समूह ने उनका अभिवादन किया।

वहां उपस्थित नेताओं में से एक ने जो सबसे पहली बात कही वो ये कि जब ''आप लोग पहले यहां आते थे, तो हम आपसे कम से कम 15-20 मीटर दूर खड़े रहते थे, आपसे बात भी नहीं करते थे, क्योंकि आप हमारी बदबू सहन नहीं कर पाते। लेकिन अब, हमारे घरों में उपलब्ध स्वच्छ पानी की बदौलत, हम नियमित रूप से स्नान करते हैं और अपने कपड़े भी धो सकते हैं,'' भट याद करते हैं।

इसे ''दुनिया में अभी तक की कहीं भी की गईं 10 सर्वश्रेष्ठ और सबसे प्रभावी

इस परियोजना को धन्यवाद है, ग्रामीणों के पास अब स्वच्छ, फ़िल्टर्ड पेयजल है, और वे नियमित रूप से शौचालय का उपयोग कर रहे हैं, और इसमें छोटे बच्चे भी शामिल हैं, इसलिए खुले में शौच बिल्कुल नहीं जाते और वे अब स्वच्छ और स्वास्थ्यकर परिस्थितियों में रहते हैं।

गणेश भट
सदस्य, कैडर ऑफ़ टेक्निकल अड्वाइज़र्स



(पहली पंक्ति में, दाएं से) RITS नेपाल प्रमुख राम राजे सिंह, रतन राजाराम लुइटेल और पीडीजी भट, ग्रामीणों के साथ।

रोटरी परियोजनाओं में से एक'' के रूप में वर्णित करते हुए एक स्ट्रक्चरल इंजीनियर, भट ने कहा, ''इस परियोजना को धन्यवाद है, ग्रामीणों के पास अब स्वच्छ, फ़िल्टर्ड पेयजल है, और वे नियमित रूप से शौचालय का उपयोग कर रहे हैं, और इसमें छोटे बच्चे भी शामिल हैं, इसलिए खुले में शौच बिल्कुल नहीं जाते और वे अब स्वच्छ और स्वास्थ्यकर परिस्थितियों में रहते हैं। मैंने प्रत्येक घर के सामने एक पानी का नल, उनके घरों के पास शौचालय और हर घर के अंदर एक पानी का फिल्टर देखा है।''

अब खेती के लिए पानी उपलब्ध होने से - खेती में पानी के प्रयोग के लिए ग्रामीणों को स्थानीय ग्राम नेताओं से अनुमति लेनी पड़ती है और एक छोटा सा शुल्क देना पड़ता है - अब उन्होंने अपनी जमीन पर सब्जियां और फल की खेती शुरू कर दी है जबकि पहले वे ज्यादातर आलू और अन्य जड़ वाली सब्जियों का सेवन करते थे। जैसे-जैसे बच्चे स्कूल लौट रहे हैं, सुनसान पड़े गाँव के स्कूलों में फिर से जीवन लौट रहा है जिससे धीरे-धीरे साक्षरता के स्तर में भी सुधार होगा।

वैश्विक अनुदान से प्राप्त राशि का उपयोग किस तरह किया गया, उसके सम्बन्ध में टीआरएफ के लिए इस परियोजना की मूल्यांकन रिपोर्ट तैयार कर रहे भट, नेपाल RITS द्वारा किए गए निर्माण और अन्य कार्यों की गुणवत्ता की भूरि-भूरि प्रशंसा की।

इस गांव तक पानी लाने के लिए, इस परियोजना में उस झरने का दोहन किया जिससे ग्रामीण अपने घरों में पानी ला रहे थे। झरने के पास, यथेष्ठ फिल्टर के साथ छोटा टैंक और 1,500 लीटर क्षमता वाली एक छोटी पानी की टंकी का निर्माण किया गया। इससे करीब 50 मीटर दूर, एक विशाल टैंक (12,000 लीटर क्षमता) का निर्माण किया गया और दोनों को आपस में जोड़ा दिया गया। बड़ा टैंक दो दिनों तक ग्रामीणों की पानी की जरूरतों के लिए काफी है। दोनों टैंक सीमेंट कंक्रीट से बने हैं। बड़े टैंक से, जमी हुई नदी के ऊपर से एक पाइप लाइन गाँव तक गई है और हर घर को पानी के कनेक्शन दिए गए हैं और ग्रामीणों के लिए, वास्तव में सपना साकार हो गया।

इसके अलावा, **236 शौचालय** निर्मित किये गए हैं, जिसका मतलब है, प्रत्येक घर के लिए एक शौचालय (गांव की आबादी **1363 है**), और यह उन निवासियों के लिए है जिन्हें यह भी नहीं पता था कि शौचालय कैसा दिखता है या इसका उपयोग कैसे किया जाता है। एक बार जब ग्रामीणों ने नहाना धोना शुरू कर दिया, और पीने के लिए और खाना पकाने के लिए साफ पानी मिलने लगा,

---

अब हम उनके लिए सोलर वाटर बाथ केबिन बना रहे हैं; पुरुषों और महिलाओं के लिए अलग-अलग।

देवराज घिमेरे

हाथ धोना सीखती हुयी पेरे गांव की महिलाएं।

लिए एक सामूहिक बैठक बुलाई कि किस प्रकार इस परियोजना ने उनका जीवन परिवर्तित किया है, ''महिलाओं ने बताया कि पहले पुरुष काम के लिए कभी बाहर नहीं जाते थे, और बच्चे भी घर पर रहते थे क्योंकि कोई स्कूल ही नहीं जाता था। अस्वस्थ व गन्दी परिस्थियों में रहने के कारण अधिकांश लोग हमेशा बीमार रहते थे, खराब गुणवत्ता वाले पानी का सेवन करते थे, आदि। लेकिन अब, पिछले छह महीनों से, उन्हें फ़िल्टर्ड, स्वच्छ पीने का पानी मिल रहा है जिससे उनके स्वास्थ्य में काफी सुधार हुआ है और एक बार फिर से खेती शुरू हो गई है।''

अब पानी मिलने से खेती के तौर-तरीकों का स्तर बहुत ऊपर चला गया है। पानी की कमी की वजह से ग्रामीण केवल मूल सब्जियों का उपभोग कर रहे थे, यही ग्रामीण अब ग्राम परिषद की अनुमति से, तो परियोजना के सदस्यों ने एक कदम और आगे बढ़ने का निर्णय किया। ''अब हम उनके लिए सोलर वाटर बाथ केबिन बना रहे हैं; पुरुषों और महिलाओं के लिए अलग-अलग। इन केबिनों के लिए सौर ऊर्जा प्रणाली लगाई जा रही है,'' घिमेरे कहते हैं।

डीजी भट कहते हैं कि अपनी यात्रा के दौरान, जब उन्होंने यह जानने के

236 शौचालय निर्मित किये गए हैं, उन निवासियों के लिए है जिन्हें यह भी नहीं पता था कि शौचालय कैसा दिखता है या इसका उपयोग कैसे किया जाता है।

परियोजना स्थल पर
पीडीजी भट।

पानी के उपयोग के लिए टोकन शुल्क का भुगतान कर लिए फल और सब्जियां दोनों उगा रहे हैं।

सोलर बाथ केबिन लगाने के बाद भी, इस जीजी में **₹42 लाख नेपाली** रुपरे शेष बचेंगे ''और मैंने सुझाव दिया है कि 150 मीटर से अधिक चौड़ी जमी हुई नदी के ऊपर लगाई गई पानी की पाइपलाइन को सहारा देने के लिए इसे नदी में पत्थर के खंभों का निर्माण कर इसे उन खंभों पर टिकाया जाए जो ऊपर से भी ढकी हो,'' भट कहते हैं। उनका कहना है कि अगर पाइप लाइन को खम्बों का सहारा नहीं मिला तो कुछ समय बाद पाइप में दरार आ सकती है।

इस इस परियोजना का मूल्यांकन करने के लिए वो स्वयं इस गांव में चार दिन रहे थे। स्ट्रक्चरल इंजीनियर द्वारा किया गया निरीक्षण और परिक्षण प्रणाली इतनी गहन थी कि उन्होंने ''शौचालय की खुदाई करवाई थी, गड्ढों की गहराई जांचने के लिए, उसमें किस गुणवत्ता की निर्माण सामग्री का उपयोग हुआ है, यह सुरक्षित है या नहीं और क्या निर्धारित मापदंडो के अनुसार इसका निर्माण किया गया है,'' उन्होंने कहा।

इस परियोजना पर काफी गहनता से विचार और हर बात का बारीकी से अध्ययन किया गया है, इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि ग्रामीणों को शौचालयों का उपयोग और सफाई करने का प्रशिक्षण दिया गया ; साबुन से हाथ कैसे धोएं; टूथपेस्ट और ब्रश से अपने दांतों को कैसे ब्रश करें। कुछ लोगों को प्रशिक्षित किया गया कि पाइप में किसी भी तरह की दरार आने की स्थिति में पाइप लाइन की मरम्मत कैसे की जाए या उसे बदला कैसे किया जाए, नलों को कैसे बदला जाए और शौचालयों में जुड़वाँ गड्ढे कैसे बनायें, इस बारे में महत्वपूर्ण जानकारी दी गई ताकि जब एक गड्ढा भर जाए तो दूसरे का उपयोग हो सके। और इस दौरान पहले को सुखाकर साफ किया जाता है।



पीडीजी भट गांव की एक महिला से बातचीत करते हुए।

पीने के पानी के फिल्टर का डिजाइन RITS नेपाल ने बनाया है, इसमें रेत की तीन अलग-अलग परतें हैं, जिसके बीच से हो कर पानी फ़िल्टर किया जाता है, नल से बाहर आने से पहले। ग्रामीणों को ये भी सिखाया गया कि रेत का फिल्टर कैसे साफ करना है और इसे हर तीन महीने में बदलना है, ताकि उन्हें पीने के लिए स्वच्छ पानी मिलता रहे।

इसके बाद आती है टिकाऊपन की। उनके प्रवास के दौरान गांव में रोटरी



गाँव के घरों में क्लब ने पानी के डिस्पेंसर वितरित किए।

कम्युनिटी कोर का गठन कर अध्यक्ष व सचिव का चयन किया गया। इस आरसीसी की निगरानी और मार्गदर्शन रोटरी क्लब महाबौद्ध की रोटरी टीम करेगी। काठमांडू के एक कॉलेज में मुख्य प्रशासनिक अधिकारी के रूप में कार्यरत घिमेरे कहते हैं कि उनका क्लब इस परियोजना को टिकाऊ बनाने के लिए प्रतिबद्ध है, और दिसंबर में ''कुछ विशेषज्ञों के साथ, हम यह पता लगाने के लिए शोध करेंगे कि यह परियोजना ग्रामीणों के जीवन में किस तरह का अंतर लाइ है और कितनी टिकाऊ है।'' क्लब ने प्रदत्त सुविधाओं को सुचारु रूप से कार्य करते रहने के लिए समय-समय पर किये जाने वाले मरम्मत कार्य के लिए धन अलग से रखा है।

इस परियोजना के पूर्ण होने के बाद भी, वह और इस काठमांडू में 42-सदस्यीय क्लब से उनकी टीम एक सार्थक और चिरस्थायी परिवर्तन लाने के लिए उस समुदाय के साथ काम करते रहेंगे। ''हम उस गांव में कई पेड़ भी लगाना चाहते हैं।'' ग्राम परिषद के अध्यक्ष ग्रामीणों के लिए एक व्यावसायिक प्रशिक्षण पाठ्यक्रम करवाना चाहते हैं और एक पाठ्यक्रम के लिए उन्होंने रोटेरियन से सहायता मांगी है।

भट के लिए किशोर की उस बात को भुलाना मुश्किल होगा। ''उसने मुझसे पूछा: सर, क्या आप 10वीं कक्षा के बाद आगे की पढ़ाई जारी रखने का रास्ता खोजने में हमारी मदद कर सकते हैं। इससे साफ़ पता चलता है कि रोटरी ने उसे और दूसरों को उम्मीद दी है बेहतर कल के साथ एक सुनहरे भविष्य की।''

एस कृष्णप्रतीश द्वारा रूपरेखा

बालिका सशक्तिकरण परियोजनाओं से अभिभूत हूँ: शेखर मेहता

रशीदा भगत

नाइजीरियाई पोशाक में रो ई अध्यक्ष शेखर मेहता और राशी।

शेखर मेहता रो ई अध्यक्ष के रूप में अपना साल पूरा करने जा रहे है, रोटरी न्यूज़ ने अप्रैल 2022 में उनके साथ किए गए एक साक्षात्कार में उनके विचार और वर्ष की यादों को कैद किया।

बातचीत के अंश:

आपका साल अब तक कैसा रहा?

मैं इससे ज्यादा क्या चाह सकता था; हमने 30 से अधिक देशों की यात्राएं की...

इन यात्राओं के दौरान आपको सबसे अधिक क्या अच्छा लगा?

दुनिया भर में सैकड़ों-हजारों रोटेरियन से मिलना; पहले, ज़ूम पर हजारों से मिलना और फिर व्यक्तिगत रूप से सैकड़ों से मिलना। बेशक रोटेरियनों से व्यक्तिगत रूप से मिलने से अच्छा और कुछ भी नहीं है। आप उनसे बात कर सकते है, उनकी समस्याओं को समझ सकते है। वे आपके साथ तस्वीरें लेना चाहते है। रो ई अध्यक्ष शायद दुनिया में सबसे ज्यादा फोटो खिंचवाने वाला व्यक्ति होता है।

सिंगापुर की राष्ट्रपति हलीमा याकूब के साथ।

क्या तस्वीरें लेने का पागलपन और कहीं भी उतना ही बुरा है जितना कि भारत में है?

स्तर अलग-अलग हो सकते है लेकिन हर कोई रो ई अध्यक्ष के साथ एक तस्वीर चाहता है! और आप माना नहीं कर सकते क्योंकि मुझे याद है कि 25 साल पहले, जब मैं 35 साल का था, तब अध्यक्ष भारत आए थे पर तब मुझमें इतनी हिम्मत नहीं थी कि मैं उनके पास जाकर एक तस्वीर लेने का कह सकूँ। तो मुझे भी भाव नहीं खाना चाहिए?

परियोजनाओं को देखना उत्कृष्ट था, विशेष रूप से लड़कियों के सशक्तिकरण से संबंधित परियोजनाओं को देखना। जहाँ भी मैं गया, वहाँ एक भी ऐसी जगह नहीं थी जहाँ वे मुझे लड़कियों के सशक्तिकरण से संबंधित परियोजना दिखाने न ले गए हो। यह वास्तव में अद्भुत था। मैं नाइजीरिया के उस हॉल को कभी नहीं भूल सकता जहाँ मैंने सैकड़ों लड़कियों को सैनिटरी पैड की सिलाई करते हुए देखा था। राशि उनके साथ सिलाई करने बैठ गई थी। फिर कौशल विकास और कंप्यूटर एवं अन्य नौकरी से संबंधित कौशलों में लड़कियों के प्रशिक्षण से जुड़ी परियोजना देखी।

कोलकाता में, मेरे अपने मंडल में, मेरा अपना क्लब (रोटरी क्लब कलकत्ता महानगर) *वीरांगना* नामक परियोजना कर रहा था, जहाँ उन्होंने 5,000 से अधिक लड़कियों को प्रशिक्षित किया। और जब मेरे क्लब ने इसे प्रस्तुत किया, तो कोलकाता पुलिस ने कुछ लड़कियों को चुनकर कहा कि अब आगे हम इन्हें प्रशिक्षित करेंगे और उन्हें नौकरी देंगे।

मिस्र में, अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर उन्होंने मुझे लड़कियों को सशक्त बनाने से संबंधित कई उत्कृष्ट परियोजनाएं दिखाई। और मैं आपको बताना चाहूँगा कि वे महिला रोटेरियन थी जो लड़कियों को सशक्त बनाने के लिए काम कर रही थी। वैसे मिस्र रोटरी जगत में उच्चतम महिला सदस्यता वाले देशों में से एक है। उन्होंने पहले हमें एक जगह दिखाई जहाँ वे गुड़िया बना रहे थे। उन्होंने हमें दो ऐसी गुड़िया भेंट की जो राशि और मेरी प्रतिकृतियां थी। उनकी गुणवत्ता इतनी अच्छी थी कि मेरी पहली प्रतिक्रिया यही थी कि उन्हें इन्हें हैरोड्स में बेचना चाहिए!

जहाँ भी मैं गया, वहाँ एक भी ऐसी जगह नहीं थी जहाँ वे मुझे लड़कियों के सशक्तिकरण से संबंधित परियोजना दिखाने न ले गए हो। यह वास्तव में अद्भुत था।

फिर उन्होंने स्वच्छता के बारे में बात की, लड़कियों में जागरूकता फैलाने को लेकर; वे मुझे एक तरह के परियोजना मेले में ले गए जहाँ 20 से अधिक बूथ थे और वे सभी महिलाओं द्वारा संचालित किए जा रहे थे और जहां महिलाएं अपनी प्रतिभाओं का प्रदर्शन कर रही थीं।

सिंगापुर में, राष्ट्रपति हलीमा याकूब के साथ एक बहुत ही सार्थक बैठक सम्पन्न हुई और मानसिक स्वास्थ्य से लेकर लड़कियों के सशक्तिकरण के मुद्दों पर चर्चा हुई। वह इस तरह की परियोजनाओं के लिए रोटरी के साथ साझेदारी करके बहुत खुश थी।

तो, क्या आपको लगता है कि अंततः महिलाओं को रोटरी में अपनी जगह मिल रही है, सेवा परियोजनाओं के साथ-साथ सदस्यता दोनों में?

हाँ बिल्कुल, सदस्यता के माध्यम से भी। वृद्धि हो रही है। कल मैं मंडल गवर्नरों के साथ सदस्यता वृद्धि पर चर्चा कर रहा था, और उनके पास आंकड़ों के दो सेट है; कुल वृद्धि और नए सदस्यों में महिलाओं की संख्या।

सदस्यता मंत्र ने कितनी अच्छी तरह से काम किया है?

मैं बहुत खुश हूँ, हमने 1.16 मिलियन सदस्यों के साथ शुरुआत की थी। आज हम 1.2 मिलियन पर है; इस वर्ष 38,000 नए सदस्यों को जोड़ा गया है। हमारे पास अभी भी दो सबसे प्रभावी महीने बचे है जब नए क्लबों को जोड़े जाने के कारण भारी वृद्धि होती है। कर्मचारी मुझे बताते है कि ये सबसे अच्छे महीने है जिनमें सबसे अधिक संख्या में नए क्लबों का गठन होता है और मैं भी शांति से नहीं बैठा हूँ। वृद्धि की दर उत्कृष्ट रही है। भारत चमकता हुआ सितारा रहा है... जहाँ तक सदस्यता का सवाल है यह एक ध्रुव तारे की तरह है। उन्होंने इस वर्ष में अब तक 18,000 नए सदस्यों को जोड़ा है, मुझे विश्वास है कि वर्ष के अंत तक शुद्ध वृद्धि 20,000 हो जाएगी। जिसका मतलब यह है कि एक साल में हम वो मुकाम हासिल कर चुके होंगे जो हम आमतौर पर पांच सालों में करते है। पिछले 10 वर्षों में हमारी वृद्धि 40,000 रही है। इस साल हम 4,000 की सामान्य वृद्धि दर के मुकाबले 20,000 सदस्यों को जोड़ेंगे।

दुनिया के अन्य हिस्सों में सदस्यता वृद्धि कैसी चल रही है?

जब मैंने दक्षिण कोरिया का दौरा किया तो उन्होंने बताया कि हम पहले ही 6,000 से अधिक सदस्यों को जोड़ चुके है और हम 10,000 को पार करना चाहते है। उनका लक्ष्य 17,000 था लेकिन अब उन्होंने इसे कम करके 10,000 कर दिया है। अफ्रीका भी ऐसा ही कर रहा है और ब्राजील भी, प्रत्येक ज़ोन आगे बढ़ रहे है, एक को छोड़कर। जहाँ तक रोटरेक्ट की बात है, वहाँ भी विकास दर बढ़िया है।

इसका मतलब है कि विकासशील देश सदस्यता वृद्धि में बेहतर प्रदर्शन कर रहे है?

हां, और ऐसा इसलिए है क्योंकि वे उस काम को प्रदर्शित कर सकते हैं जो रोटेरियन इन समुदायों में करते है। यह भी एक आकांक्षापूर्ण बात है... एक बहुत ही मजबूत भावना क्योंकि लोगों को लगता है कि 'वाह, मैं रोटरी का एक हिस्सा बनने जा रहा हूँ।' इसमें सेवा के अवसर भी शामिल है, जो दुनिया के हमारे हिस्सों में अधिक है। यहाँ रोटेरियन बहुत काम करते है और स्थानीय समुदाय एवं सरकारी एजेंसियां उस काम का सम्मान करती है।

क्या आपको लगता है कि यह गति RIPE जेनिफर जोन्स और बाद के रो ई अध्यक्षों के दौरान भी जारी रहेगी?

चाहे मंत्र *Each one being one* हो या ना हो, *grow more do more* हो या ना हो, लोग अब यह समझ चुके है कि सकारात्मक विकास संभव है। और हर एक लाए एक ने काम किया है। भारत में 65 प्रतिशत वृद्धि का कारण *Each one being one* है।

आप और राशि दोनों शाकाहारी है; आपकी इतनी व्यापक यात्राओं के दौरान शाकाहारी भोजन की उपलब्धता को लेकर कोई दिलचस्प किस्सा है?

सबसे पहले हम कैमरून गए थे। मुझे उम्मीद नहीं थी कि वहाँ शाकाहारी भोजन उपलब्ध होगा। हम हमेशा हमारे साथ कुछ भोजन, नाश्ता और डिहाइड्रैटेड पैकेट रखते है जो आपको घरेलू उड़ानों में मिलते है। लेकिन आश्चर्यजनक रूप से यह बहुत बड़ी बात है कि हमें एक भी पैकेट का उपयोग करने की ज़रूरत नहीं पड़ी क्योंकि रोटेरियन हमारा इतना ध्यान रखते है। संस्थान के अध्यक्ष ने सुनिश्चित किया कि सभी मेजों पर सुनिश्चित भोजन हो और भारतीय शाकाहारी भोजन के साथ हमारे लिए एक ट्रॉली आती थी जिसका मेनू हर दिन अलग होता था! उन्होंने एक भारतीय मित्र से संपर्क किया जिसने उन्हें सलाह दी कि उन्हें खाने में क्या पेश करना चाहिए।

दिलचस्प बात यह है कि हमें वास्तव में बढ़िया स्वादिष्ट शाकाहारी भोजन खाने को मिला और अमेरिका में रोस परेड के दौरान हमने सबसे बढ़िया पिज्जा में से एक खाया। सौभाग्य से खाने की कभी कोई समस्या नहीं आई क्योंकि दुनिया भर के रोटेरियनों ने बहुत ध्यान रखा... उन्होंने यह सुनिश्चित करने के लिए बहुत प्रयास भी किए। वेनिस में पिछले अध्यक्षीय सम्मेलन के दौरान मैं सभी दिन वहाँ पर मौजूद था, मेरी मेज पर हर किसी को केवल शाकाहारी भोजन खाना पड़ा।

तो वे टेबल पर मांस नहीं परोसते थे?

नहीं

लेकिन मैंने देखा है कि आप अन्य मांसाहारियों के लिए अपनी मेज पर मांस परोसे जाने पर बुरा नहीं मानते।

हां, बिल्कुल मुझे कोई आपत्ति नहीं है, लेकिन यह रोटेरियनों का मेरे प्रति सम्मान और विचारशीलता को दर्शाता है। और उन्हें मेरे आगमन से पहले पता चल जाता है कि मुझे क्या पसंद है और जहाँ भी मैं गया वहाँ बहुत सारा डाइट कोक होता था।

दिलचस्प है कि हमने बहरीन के सबसे अच्छे रेस्तरां में बहुत अच्छी गुणवत्ता वाला शाकाहारी भारतीय भोजन खाया! हम साओ पाउलो में थे और वे हमें एक गुजराती जोड़े, लकी और हंसा, द्वारा चलाए जा रहे एक भारतीय रेस्तरां में ले गए... खाना गज़ब का था। इसलिए शाकाहारी भोजन की कोई समस्या नहीं आई। और हाल ही की



पोलैंड की यात्रा के दौरान, मेहता यूक्रेन से युद्ध प्रभावित रोटेरियन को दिलासा देते हुए।

दुबई एक्सपो में टीआरएफ ट्रस्टी अज़ीज़ (दाएं) और डीजी अशोक करापिल्टन (बाएं से दूसरे), RID 2452 के साथ मेहता और राशी।

विधान परिषद की बैठक में भोजन उत्कृष्ट था। मैंने रो ई मंडल के लिए अनेक रिसेप्शन आयोजित किए, उनमें से एक न्यासियों के लिए था, और हर बार जब हमने भारतीय भोजन परोसा उन्होंने मजे से खाया।

आपके पास बचे समय में, आपका ध्यान किस ओर रहेगा; कुछ ऐसा है जो हो ना पाया हो?

ध्यान सदस्यता पर ही रहेगा; हमारे पास नए सदस्य है, अब हमें सभी अतिरिक्त सदस्यों को रोके रखना होगा, उन्हें जाने नहीं देना है। अगर हम यह सुनिश्चित कर सके तो यह बहुत बड़ी जीत होगी। यही एक काम है, सदस्यों को जोड़ते रहना, अधिक क्लब विकसित करते रहना और कड़ी मेहनत करना कि वे जाए नहीं और अगर कोई जा रहा है तो कोशिश करें कि उन्हें मनाकर रोक लें। 'अधिक करो' पर आते हुए, लड़कियों एवं महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए आप जो कुछ भी कर रहे है उसे करते रहें।

इवेंस्टन में जीवन कैसा था? घर पर आप घरेलू मदद के आदी होते है, लेकिन अमेरिका में आपको हर कार्य खुद ही करना होता है! यह कितना चुनौतीपूर्ण था?

(मुस्कुराते हुए) अंतिम चरण के दौरान, राशि मेरे साथ नहीं थी; यह एकमात्र ऐसा समय था जब राशि मेरे साथ नहीं गई थी क्योंकि मंडल की बैठक और विधान परिषद के बाद हम दोनों को हैदराबाद के अध्यक्षीय सम्मेलन हेतु भारत आना पड़ा था। इसलिए, अपने जीवन में पहली बार, मुझे खुद अपने लिए नाश्ता बनाना पड़ा।

आपने क्या बनाया? यह मत कहिएगा आपने कॉर्नफ्लेक्स खाए थे!

ज्यादा कुछ नहीं; मैंने कोल्ड कॉफी और कुछ एवोकैडो को फैलाकर टोस्ट बनाया। यह पहली बार था जब मैंने एक वॉशिंग मशीन चलाई थी। मुझे समझ नहीं आ रहा था कि मैं क्या करूं। अब भी मैंने डिशवॉशर का इस्तेमाल नहीं किया है। ये सब नए अनुभव और कुछ नया सीखने के अवसर थे जिनके लिए मैं तैयार था। राशि जब भी वह वहाँ होती थी, खाना बनाना पसंद करती थी। हम अपना किराने का सामान खरीदते थे और वह खाना बनाती थी। लेकिन हम वास्तव में इवेंस्टन में कभी ज्यादा दिन नहीं रहे। पहले साल हम वहाँ नहीं थे और पहले वर्ष में ही इवेंस्टन में रहना, योजना बनाना और अपने कर्मचारियों के साथ अपने वर्ष पर चर्चा करना, बैठक करना और लोगों को प्रेरणा देना शामिल होता है।

पीछे मुड़कर देखने पर, यदि आपको यह अवसर दोबारा मिले तो क्या कोई ऐसी चीज़ है जिसे आप अलग ढंग से या अधिक जुनून के साथ करना चाहेंगे?

मेहता और राशी नाइजीरिया में एक सैनिटरी नैपकिन बनाने की परियोजना का दौरा करते हुए।

(अपना सिर हिलाते हुए)। नहीं, मैं वही करूंगा जो मैंने किया है। मैं परिणामों से बहुत खुश हूँ, सबसे अच्छी बात जिसकी मुझे उम्मीद नहीं थी, वो विभिन्न राष्ट्र प्रमुखों के साथ मेरी बैठकें थी। यह बिल्कुल अद्भुत था और साथ ही यह तथ्य भी कि जिस देश में भी हम वहाँ के राष्ट्रपति या प्रधान मंत्री से मिलने गए, हमारे पास रोटरी की ओर से पेश करने के लिए कुछ था। यह बहुत बढ़िया था। उदाहरण के लिए, जब मैं अल्बानिया के राष्ट्रपति से मिला तो जो पहली बात उन्होंने मुझसे कही वह थी 'बताइए एक्सलेन्सी...' जो बहुत दिलचस्प था... वह मुझे एक्सलेन्सी कहते है!

लेकिन ऐसा इसलिए है क्योंकि एक रो ई अध्यक्ष एक राष्ट्र के प्रमुख की तरह ही होता है... जो 1.2 मिलियन लोगों के एक प्रकार के देश या समुदाय का नेतृत्व करता है!

मैं आपको कुछ दिलचस्प जानकारी देना चाहता हूँ। यदि आप जनसंख्या के खिसाब से देशों को गूगल करते है और आप जब 1.2 पर रुकते है, जो हमारी वर्तमान सदस्यता है, तो आप देखेंगे कि 40 प्रतिशत देशों की आबादी रोटरी से भी कम है!

आप जहां भी गए वहां आपको इतना सम्मान और ध्यान मिला; बेशक, रो ई अध्यक्ष होने के नाते, लेकिन क्या आपको लगता है कि यह इसलिए भी था क्योंकि आप एक भारतीय है क्योंकि मेरा मानना है कि भारतीयों को आम तौर पर पसंद किया जाता है और भारत को दुनिया भर में नया सम्मान मिल रहा है!

(अपना सिर हिलाते हुए) नहीं, यह मुख्य रूप से रोटरी की वजह से है। लेकिन मैं बहुत खुश हूँ कि जाने से पहले, मैं प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी से मिला। यह एक उत्कृष्ट बैठक थी और मुझे उम्मीद नहीं थी कि यह इतने लंबे समय तक चलेगी। उनका शुरुआती कथन बहुत ही अनौपचारिक और सौहार्दपूर्ण था और मुझे उनसे मिली सबसे अच्छी तारीफों में से एक तारीफ वह थी जब उन्होंने कहा: *शेखरजी जाइए, देश-विदेश की सेवा कीजिए और हो सकें तो देश में पोषण का काम कीजिए।* यह जानना कि प्रधान मंत्री चाहते है कि रोटरी किसी चीज़ पर काम करें यह वास्तव में अद्भुत था।

जब मैं ऐल्बैनीअ के राष्ट्रपति से मिला, तो उन्होंने पूछा कि वो क्या है जो मेरा देश आपके संगठन के लिए कर सकता है, और जब हमारी बैठक समाप्त हुई, उन्होंने मुझसे हाथ मिलाते हुए कहा कि मेरे देश के लिए इतना कुछ करने हेतु सहमति प्रदान करने के लिए बहुत-बहुत धन्यवाद!

आपने रोटरी की ओर से क्या वादे किए थे और आप यह कैसे सुनिश्चित करेंगे कि उनका पालन किया जाए?

हमारे द्वारा किए गए प्रत्येक वादे, यहाँ पर एक अस्पताल बनाना और वहाँ पर एक ब्लड बैंक स्थापित करना और बहुत सारी हृदय सर्जरियों का वादा... सभी का सख्ती से पालन किया जा रहा है। युगांडा से बच्चों का पहला सेट पहले ही भारत आ चुका है। सेशेल्स में मैंने वादा किया था कि हम 50 बाल हृदय सर्जरियाँ करेंगे। अगले दिन मैंने 'गवर्नरों के ग्रुप में इसे पोस्ट किया और मुझे तत्काल प्रतिक्रिया मिली... रो ई मंडल 3030 के रमेश मेहर ने कहा कि हम इन सभी को करेंगे। उन्हें नर्सें भी चाहिए थी और उन्होंने पूछा कि क्या आप प्रशामक देखभाल के लिए उनका प्रशिक्षण सुनिश्चित कर सकते है।

दक्षिण कोरिया में, मेहता और राशी, रोटेरियन स्कूबा डाइवर्स जो समुद्र से मलबा निकालते हैं के साथ।

जब मैं लंदन में था, तो मैंने रोटेरियनों से पूछा कि क्या यह कुछ ऐसा है जिसे आप कर सकते है और उन्होंने कहा कि हम इसे करना चाहते हैं।

चीजें हो रही है; कोपेनहेगन जलवायु बैठक के दौरान एक गोलमेज बैठक में हमने कहा कि हम सात देशों में मैंग्रोव स्थापित करेंगे। उसके बाद मैंने बहरीन और मॉरीशस का दौरा किया जो इस सूची में नहीं थे। लेकिन उन्हें भी मैंग्रोव की जरूरत थी और हम उनकी भी मदद कर रहे है; कुल मिलाकर 10 देश। अगले तीन महीनों में इन देशों में काम शुरू हो जाएगा।

मेरे लिए, हर वादे को पूरा करने हेतु कार्यवाही करना जरूरी है।

आपका साल कितना थकाऊ था? हर कोई जानता है कि आप बहुत कम सोते है, लेकिन फिर भी, यह अलग ही स्तर का रहा होगा।

यह बहुत ही मेहनत वाला काम है लेकिन मैं एक पल के लिए भी थका नहीं; हम एक देश से दूसरे देश, एक शहर से दूसरे शहर की यात्रा करते रहे, विषम परिस्थितियों में फ्लाइट ली, कभी-कभी केवल 2-3 घंटे ही सो पाते है, लेकिन नज़र न लगे, पर मुझे कभी थकान महसूस नहीं हुई। और सबसे अच्छी बात, राशि हमेशा मेरे साथ कदम से कदम मिलाकर चली। वह लगभग हर परियोजना के लिए गई... बस दो या चार को छोड़कर।

क्या घर लौटने पर राहत महसूस होगी?

जबकि मैंने अपने कार्य के हर पल का पूरी तरह से आनंद लिया, फिर भी मुझे घर लौटने के लिए 1 जुलाई का इंतजार है, आराम करने के लिए नहीं, बल्कि मैंने जो वादे किए है उन्हें पूरा करने हेतु काम शुरू करने के लिए। आपके द्वारा उठाए गए प्रत्येक कदम के साथ, आप बहुत कुछ सीखते हैं, आपका दृष्टिकोण व्यापक हो जाता है, सोच बड़ी हो जाती है, आपका नजरिया बदलता है। इसलिए, मैं वापस आने और काम शुरू करने का इंतजार कर रहा हूँ।

जेनिफर जोन्स पहली महिला अध्यक्ष बनने जा रही है; आपको क्या लगता है कि वह इस कार्य में क्या नई जान लाएगी?

वह विचारों से भरी हुई है और एक बहुत ही ऊर्जावान व्यक्ति है और यही रोटेरियनों को चाहिए। वह जहां भी जाती है, वह मंच से नीचे उतरकर सभी से मुलाकात करते हुए सबका अभिवादन करती है... रोटेरियनों को यही चाहिए, वे नहीं चाहते कि आप सातवें आसमान में रहें। वह अच्छा प्रदर्शन करेगी। ■

ट्यूनीशिया में।

संबलपुर में रोटरी मदर एंड चाइल्ड हॉस्पिटल

जयश्री

27 अप्रैल रो इ मंडल 3261 के रोटरी क्लब संबलपुर,के सदस्यों के लिए एक बहुत ही विशिष्ट दिन था, जब उनके 11 - साल - लंबे सपने - रोटरी मदर एंड चाइल्ड केयर हॉस्पिटल - का उद्घाटन ओडिशा के स्वास्थ्य मंत्री नबा किशोर दास ने रो इ निदेशक ए एस वेंकटेश और डीजी सुनील फाटक की उपस्थिति में किया।

ये साल चार मंजिला अस्पताल विभिन्न चुनौतियों का सामना करते करते हुए लोगों के उदार सहयोग और सदस्यों के कभी हिम्मत ना हारने वाले हौसले के साथ पूरा हुआ है। पिछली शाम एक विशेष कार्यक्रम में कई दानदाताओं को सम्मानित करते हुए वेंकटेश ने इस बात पर विशेष ज़ोर दिया था। यह सामूहिक दान की ताक़त दर्शाता है। एक व्यक्ति की ताक़त सिर्फ एक व्यक्ति तक ही सीमित होती है लेकिन जब हम 10 लोग एक साथ जुड़ जाते हैं तो यह 10 नहीं, बल्कि 100 लोगों की शक्ति हो जाती है। ''सामूहिक दान की ताक़त से रोटरी समाज में आपके योगदान के सामर्थ्य को बढ़ाती है,जो इसके कुल योग से कहीं अधिक है,'' उन्होंने कहा। अस्पताल के निर्माण की लागत ₹5 करोड़ आई है।



अस्पताल के प्रमुख दानदाताओं में से एक डॉ नारायणी पांडा के साथ रो ई निदेशक ए एस वेंकटेश।

2012 में डीजी रहे, क्लब के सदस्य पीडीजी डॉ अशोक सिंह ने अपने कार्य काल में अस्पताल बनाने का विचार रखा था, हालांकि उस समय क्लब के पास संसाधनों का अभाव था, वेंकटेश ने कहा, ''लेकिन कोई व्यक्ति उसकी संपत्ति या नेटवर्थ से धनवान नहीं होता, बल्कि किसी का दिल कितना बड़ा है उस से परिभाषित होता है। उस धन का क्या फायदा जो वंचित और असहाय लोगों के काम ना आये? इस यादगार अस्पताल को बनाने के लिए आपने जो समय, पैसा, ऊर्जा और ज्ञान का योगदान दिया है, उसके लिए आप सभी बधाई के पात्र हैं। हालांकि आप इसके लाभार्थियों को शायद नहीं देख सकेंगे लेकिन उनका आशीर्वाद और शुभकामनाएँ आप तक ज़रूर पहुँचेंगी।'' उन्होंने क्लब से अस्पताल में एक जराचिकित्सा वार्ड बनाने का आग्रह किया। ''वृद्ध लोगों की आबादी बढ़ रही है और उन की देखभाल समय की आवश्यकता है,'' उन्होंने कहा।

बाएं से: डीजीएनडी अखिल मिश्रा, डीजी सुनील फाटक, जतिंदर सिंह, पूर्व अध्यक्ष, रोटरी क्लब संबलपुर सिटी, रो ई निदेशक वेंकटेश, डॉ नारायणी पांडा और पीडीजी सुभाष साहू।

शुरुआत

हम सभी के लिए आज यह एक रोटरी क्षण है। ग्यारह साल पहले मैं डीजीई था, तब एक प्रेस मीट में मुझसे पूछा था कि संबलपुर के लिए मैं क्या करूंगा तो मैंने घोषणा की थी कि शायद एक अस्पताल बनाऊंगा। यह ईश्वर का काम है और उन्होंने इस काम को पूरा करने में हमारी सहायता के लिए कई फ़रिश्ते भेजे,'' पीडीजी डॉ सिंह ने कहा।

आरंभिक दिनों की याद ताज़ा करते हुए उन्होंने कहा, ''जब मैंने अपने क्लब में यह विचार रखा और झिझकते हुए पूछा कि क्या कोई अस्पताल के लिए जमीन दान कर सकता है, तो डॉ रासेश्वरी पाणिग्रही ने तुरंत हामी भरी और जमीन दे दी।'' वह एक पूर्व विधायक और विम्सार कॉलेज और हॉस्पिटल, संबलपुर में स्त्री रोग विभाग की प्रमुख हैं। ''इसके तुरंत बाद मेरे पास 16 फरिश्ते आये जिन्होंने ₹1 लाख का योगदान दिया।

क्लब के सदस्यों डॉ नारायणी पांडा (बाएं) और डॉ रासेश्वरी पाणिग्रही के साथ पीडीजी अशोक सिंह।

लेकिन ऐसा लग रहा था कि क्लब के सपने को साकार करने के लिए ये राशि पर्याप्त नहीं थी। आर्किटेक्ट ने निर्माण लागत ₹5.5 करोड़ और अपनी फीस ₹2.5 लाख बताई थी। सिंह उस समय स्विट्ज़रलैंड में एक रोटरी क्लब (ठखऊ 1980) के संपर्क में आए, जिसने पहले रोटरी क्लब बेरहामपुर के साथ भागीदारी की थी और पिछले संबंधों के आधार पर एक वैश्विक अनुदान साझेदारी भी की गई थी। लेकिन चूंकि यह अनुदान निर्माण कार्य के वित्तपोषण की अनुमति नहीं देता है, इस नई-नई आर्थिक शक्ति के साथ क्लब के सदस्यों ने अस्पताल निर्माण के लिए विभिन्न स्रोतों से धन जुटाने की का प्रयास करना शुरू कर दिया। पैसा आने लगा और16 दानदाताओं को संस्थापक ट्रस्टी और रासेश्वरी को अध्यक्ष नियुक्त कर एक ट्रस्ट का गठन किया गया।

डॉ सिंह ने अस्पताल की आधारशिला जून 2013 में रखी थी और दो साल से भी कम समय में मूल ढांचा खड़ा हो गया था। लेकिन धन की कमी के

डीजी फाटक ने जिंदल स्टील वर्क्स (संबलपुर) के प्रमुख अनिल कुमार सिंह, रो ई निदेशक वेंकटेश, क्लब अध्यक्ष बिक्रम सेनापति, ओडिशा के स्वास्थ्य मंत्री नबा किशोर दास, डॉ रासेश्वरी पाणिग्रही और डॉ नारायणी पांडा की उपस्थिति में दीप प्रज्वलित किया।

चलते आगे का कार्य तब तक के लिए रोकना पड़ा जब तक कि क्लब की सदस्य डॉ नारायणी पांडा, स्त्री रोग विशेषज्ञ आगे नहीं आई, अभी तक उन्होंने ₹85 लाख का योगदान किया है।

रासेश्वरी और नारायणी दोनों सबसे वरिष्ठ महिला सदस्य हैं, जो 1990 के दशक के प्रारम्भ में क्लब की सदस्य बनी थीं, उस समय रोटरी में महिलाओं की संख्या कम हुआ करती थी। सिंह ने कहा, ''सही मायने में ये दोनों मेरे क्लब की शिल्पकार और मुख्य आधार हैं।'' जमीन के अलावा, रासेश्वरी ने अस्पताल को ₹10 लाख का योगदान दिया था।

सामूहिक दान की ताक़त से रोटरी समाज में आपके योगदान के सामर्थ्य को बढ़ाती है,जो इसके कुल योग से कहीं अधिक है।

ए एस वेंकटेश
रो ई निदेशक

उनके परिवार के कम से कम 15 सदस्यों ने भी आर्थिक सहायता की है।

''ओडिशा में रोटरी जीवंत है। इस अस्पताल को खड़ा करने के लिए हमने बहुत मेहनत की है और आज इस में वंचित महिलाओं के लिए नवीनतम और श्रेष्ठ चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध हैं, रासेश्वरी ने कहा,'' और 85 वर्षीय नारायणी वो तो इस अस्पताल में पैदा होने वाले बच्चे को देखने के लिए आतुर हैं।

अस्पताल की परियोजना में रोटेरियनों और अन्य रोटरी मंडलों के पूर्व अध्यक्षों और यहां तक कि एक लायन सदस्य ने भी योगदान किया है! कई दानकर्ता सिंह के स्कूल/कॉलेज के साथी हैं या बचपन के दोस्त हैं। ''इन सभी को मुझ पर, मेरे क्लब और प्रोजेक्ट पर अंधा विश्वास था, जिन्होंने व्यक्तिगत रूप से ₹5,000 से ₹30 लाख तक की वित्तीय सहायता दी है,'' वह मुस्कुराते हैं।

ये अस्पताल महिलाओं और बच्चों की निशुल्क चिकित्सा करेगा और आसपास के क्षेत्र में उच्च कोटि की सुविधाओं से युक्त ये एकमात्र अस्पताल है। एक प्रसूति विभाग और एक शिशु चिकित्सा वार्ड, एक परिष्कृत ओटी, एक एनआईसीयू और लैब के साथ यह स्व-निहित अस्पताल है। इसके उद्घाटन के एक हफ्ते से भी कम समय में मरीज आने लगे हैं और वे लोग ''यहां उपलब्ध इलाज और सुविधाओं से खुश हैं।''

स्वास्थ्य मंत्री ने, इस अस्पताल की प्रशंसा करते हुए कहा, ''यह संबलपुर और पश्चिमी ओडिशा के लोगों के लिए एक वरदान है।'' उन्होंने क्लब के अध्यक्ष बिक्रम सेनापति से इसे सरकार की स्वस्थ कल्याण योजना के साथ जोड़ने का आग्रह किया ताकि अधिक से अधिक लोग लाभान्वित हो सकें। इसी दौरान सिंह ने मंत्री से क्लब के लिए, नज़दीकी शहर झारसुगुड़ा या राज्य में कहीं भी वृद्धाश्रम और धर्मशाला स्थापित करने के लिए भूमि आवंटित करने का अनुरोध किया।

डीजी फाटक ने कहा कि हर योगदान, भले वो बड़ा या छोटा हो, इस परियोजना की सफलता के लिए महत्वपूर्ण रहा है। वो हैट्रिक से बहुत खुश हैं, क्योंकि तीन ग्लोबल ग्रांट प्रोजेक्ट्स – यह अस्पताल, एक मोबाइल आई क्लिनिक परियोजना, रोटरी क्लब राउरकेला क्वींस द्वारा और एक गुरुकुल में रोटरी क्लब संबलपुर सेंट्रल का विन्स प्रोजेक्ट – तीनों का उद्घाटन, मंडल में रो इ निदेशक की प्रथम यात्रा के दौरान किया गया।

चित्र: जयश्री

डकोजू ने ₹42 लाख में बेंज़ को नीलाम किया और TRF को ₹50 लाख दान किए

रशीदा भगत

जब TRF के सर्वश्रेष्ठ दानकर्ता, रविशंकर डकोजू, जो अब रोटरी क्लब बैंगलोर के सदस्य है, ने TRF को ₹100 करोड़ दान किए थे, तब उन्होंने इसके तुरंत बाद घोषणा की थी कि वह अपनी मर्सिडीज बेंज़ कार की नीलामी करेंगे जो तब मुश्किल से एक साल पुरानी थी और उस राशि को इस संस्थान को दान करेंगे। न तो वह और न ही उनकी पत्नी पाओला उस कार का उपयोग कर रहे थे जिसका माइलेज 3,000 किमी से भी कम था।

लेकिन फिर कोविड महामारी का प्रकोप आया और मैं कार की नीलामी नहीं कर सका और कार का मूल्य भी कम हो रहा था, उन्होंने रोटरी न्यूज़ को बताया।

यह पूछे जाने पर कि वह कार का उपयोग क्यों नहीं कर रहे थे, डकोजू ने कहा, TRF को दान करने के बाद जीवन और उसके उद्देश्य के प्रति मेरा दृष्टिकोण और बेहतर हो गया और मुझे इस तरह की सभी विलासी वस्तुएं सरदर्द लगने लगी। मैंने देखा कि बेंज का उपयोग करने के लिए मुझे अपने साथ एक चौकीदार रखना होगा क्योंकि कई बार लोग बेंज का एम्ब्लम निकालने की कोशिश करते है या इसे खरोंचते है और कार की सुरक्षा एक बड़ा मुद्दा था। किसी को भी इस बात की परवाह नहीं है कि मैं किस वाहन से यात्रा करता हूँ - किसी उबर कार, ऑटो या मारुति 800 से - वे केवल मुझे मेरे द्वारा किए गए कार्यों के लिए सम्मानित करते है। और यह एक लीटर में केवल 5 से 6 किमी चलती थी।

मेरे आश्चर्य से देखने पर उन्होंने प्रतिक्रिया दी, हां, मैं एक कंजूस हूँ, मैं ज्यादातर सेकंड हैन्ड चीजें खरीदता हूँ। मैंने यह भी देखा कि मेरी पत्नी भी इनका उपयोग नहीं करती थी। एक बार उसने मुझसे गुस्से में पूछा: 'आप कार चलाते क्यों नहीं है; इसे बस ऐसे रखने का क्या मतलब है। इसलिए मुझे लगा कि मैंने अपनी संपत्ति के एक हिस्से को अवरुद्ध कर रखा है जिसका बेहतर उपयोग किया जा सकता है।

एक बार जब उन्होंने निर्णय ले लिया तो बाकी सब आसान था, लेकिन महामारी की वजह से ऐसा हो नहीं पाया। क्योंकि अप्रयुक्त कार का मूल्य गिर रहा था इसलिए डकोजू ने PRID पांडुरंगा शेट्टी, रोटरी क्लब बैंगलोर के एक सदस्य और संरक्षक से मदद मांगी और उन्होंने कार की नीलामी में मेरी मदद की।

कार को ₹42 लाख की कीमत मिली; पर इस परोपकारी व्यक्ति ने अपनी तरफ से ₹8 लाख अतिरिक्त मिलाए और TRF को ₹50 लाख की राशि दान की। मैंने यह पैसा इसी शर्त पर दिया है कि संस्थान इसका उपयोग केवल पर्यावरण के लिए ही करेगा जो हमारा नवीनतम ध्यानाकर्षण क्षेत्र है, उन्होंने आगे कहा। ■

पूर्व रो ई अध्यक्ष के आर रवींद्रन (दाएं से तीसरे) और वनती (बाएं से दूसरे) ने एकजुटता सैर में भाग लिया। चित्र में दाईं ओर पीडीजी गौरी राजन हैं।

श्रीलंका के रोटेरियन सुशासन की मांग करते हैं

रशीदा भगत

श्रीलंका के रोटेरियन, उनके परिवार और रोटरेक्टर्स ने, रो इ मंडल 3220, हाल ही में भीषण आर्थिक संकट से गुजर रहे इस द्वीप राष्ट्र की राजधानी कोलंबो में एक जुलूस निकाला, देश के राजनेताओं से स्वच्छ और भ्रष्टाचार मुक्त शासन की मांग की। एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए, जिसमें पूर्व रो ई अध्यक्ष के आर रवींद्रन ने भी भाग लिया था, रोटेरियनों ने राज्य, निजी और सार्वजनिक क्षेत्रों से भी उत्तरदायी और पारदर्शी होने का आह्वान किया। उन्होंने वर्तमान संकट के दौरान लोगों की तकलीफ कम करने के लिए रोटरी द्वारा किए गए कार्यों का व्यौरा साझा किया।

सम्मेलन को रवींद्रन के साथ डीजी अरुनी मालासेकेरा, डॉ रोंथा अथुकोरला (मंडल सलाहकार-सार्वजनिक छवि), आगामी मंडल अध्यक्ष पुबुदु डी जोयसा और अन्य नेताओं ने संबोधित किया। प्रेस कांफ्रेंस के बाद रोटेरियनों, रोटरेक्टर्स और इंटरेक्टर्स ने एकता मार्च निकाला। रवींद्रन ने संवाददाताओं से कहा, ''श्रीलंका में हम भी दांव पर लगे हैं, अपने लोगों की ज़िन्दगी बेहतर बनाने के लिए हमने सेवा परियोजनाओं में अरबों रुपये खर्च किए हैं।''

रोटेरियनों ने राज्य, निजी और सार्वजनिक क्षेत्रों से पारदर्शी और जवाबदेह होने की मांग की। रवींद्रन ने कहा कि ऐसे कानून बनाने होंगे जहां भ्रष्टाचार में लिप्त लोगों को, चाहे वे सांसद हों, कॉरपोरेट नेता हो या आम नागरिक, उसे आजीवन कारावास की सजा दी जाए और उनकी संपत्ति जब्त की जाए। रोटरी के फोर वे टेस्ट का सार बताते हुए उन्होंने कहा, ''हम रोटेरियन देश में सुशासन चाहते हैं। हम ऐसे शासन की तलाश में हैं जहां सरकार सत्य का प्रसार करे , सभी संबंधितों पक्षों के प्रति निष्पक्ष हो, समाज में आपसी सद्भावना को बढ़ावा दे, जो नैतिक हो और सभी वर्गों के हित में हो। हम ऐसी सरकारें चाहते हैं जो हमें अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता, अभाव से मुक्ति, आस्था और धर्म की स्वतंत्रता के साथ भय मुक्त वातावरण दे सके।''

रोटरी गैर राजनीतिक संगठन है और रोटेरियनों के एकजुटता से चलने को रोटरी सिद्धांतों के विरुद्ध लिया जा सकता है, इस के जवाब में, कॉलेज ऑफ गवर्नर्स के अध्यक्ष एनआर गजेंद्रन ने कहा कि शांति, सद्भावना और वैश्विक तालमेल रोटरी का दर्शन है। ''यदि आपके पास भोजन, दवा या यात्रा करने के लिए डीजल या पेट्रोल नहीं है तो क्या आप शांति से रह पाएंगे? यह देश हमारा घर है, यही हमारी ज़िन्दगी है और यही हमारी रोजी रोटी है। संकट के इस मानवीय पहलू के लिए हम एकजुट हुए हैं। यह राजनीति बिलकुल नहीं है। हम अपने अधिकारों के लिए खड़े हैं और एकजुटता दिखा रहे हैं।''

रोहन्ता अथुकोरला ने चिंता जताई कि वर्तमान संकट से गरीबी और बढ़ेगी। ताज़ा शोध का हवाला देते हुए उन्होंने कहा कि श्रीलंका में 58 लाख लोग गरीबी के स्तर के करीब हैं, और यह रोटेरियन का कर्तव्य था कि वे आगे आएं और ऐसे मानवीय संकटों को सम्बोधित करें।

बचाव में रोटरी

डीजीई ने बताया कि इस सम्पूर्ण द्वीप राष्ट्र में रोटरी किस प्रकार संकटग्रस्त लोगों की मदद कर रही था। हम अपने अंतरराष्ट्रीय रोटरी नेटवर्क के माध्यम से आवश्यक दवाएं खरीदने में समर्थ हैं। ''हमें सरकार से आवश्यक दवाओं की सूची मिलते ही विदेशों में स्थित रोटरी क्लबों के माध्यम से उन्हें तत्काल उपलब्ध कराते हैं।'' डॉ अथुकोरला ने कहा कि रोटरी ने हाल ही में स्नातक हुए 2,000 युवाओं को नौकरी देने की योजना बना रही है और विदेशों से 2 अरब रुपये की 500 छात्रवृत्तियां भी लाने की योजना भी चल रही है। उन्होंने कहा, ''हम युवाओं में सॉफ्ट स्किल्स के विकास की सुविधा के लिए सरकार के साथ मिलकर कार्यक्रम कर रहे हैं ताकि हम प्रतिभा पलायन को रोक सकें।''

''हम भविष्य को ले कर आशंकित हैं''

द्वीप राष्ट्र श्रीलंका के लगभग 9,000 रोटरेक्टर अपने देश में चल रही गतिविधियों को नज़दीक से देख रहे हैं और उनमें से बहुतों ने एकता मार्च में सक्रिय भूमिका निभाई। ''देश में रोटरेक्ट के योगदान के बारे में चर्चा करते हुए, डीआरआर अकिला विजेतुंगा ने कहा, रोटरेक्ट हमेशा दूसरों का जीवन बेहतर बनाने और उनमें उम्मीद जगाने की कोशिश करता है। लेकिन इस समय हम खुद ही अपने को लेकर आशंकित हैं। वक़्त आ गया है जब हम खड़े हों और अपने भविष्य के बारे में आवाज़ उठायें और न्याय की मांग करें। इसलिए हमने निश्चय किया कि रोटरी के साथ इस एकता यात्रा में शरीक होंगे।'' ■

यूक्रेन का खून बहते देखकर तकलीफ होती है

राजेन्द्र साबू

यूक्रेन का युद्ध ख़ौफ़नाक तरीके से दर्दनाक है जो ख़त्म होता नहीं दिख रहा, इसने शहरों और वहां के जन जीवन को तहस - नहस कर दिया है। मैं दो बार कीव की यात्रा कर चुका हूं, पहली बार बर्लिन की दीवार के ढहने के तुरंत बाद और दूसरी बार जब ये देश तेजी से विकास कर रहा था। यूक्रेन और उसके लोगों के साथ सबंध होने के कारण मुझे बहुत तकलीफ हुई है।

8 मई 1992 को, रोटरी इंटरनेशनल के अध्यक्ष के रूप में, मैं अपनी पत्नी के साथ रोटरी का औपचारिक परिचय कराने के लिए कीव गए थे। कोईं हवाई संपर्क नहीं होने के कारण हम वहां जहाज से कुछ अमेरिकी रोटेरियनों के साथ पहुंचे थे, जिन्होंने यूक्रेन का पहला क्लब प्रायोजित किया था। हम जहाज पर ही ठहरे थे।

अगले दिन कीव पैलेस में आयोजित शानदार भोज में, मैंने फिनलैंड के डिस्ट्रिक्ट गवर्नर अर्ने वालिकांगस और संस्थापक सदस्यों की उपस्थिति में राष्ट्रपति व्लादिमीर कुलिक को कीव के नए रोटरी क्लब का चार्टर प्रस्तुत किया, जिसमें जॉन हेको मौजूद थे जो वर्तमान में रोटरी इंटरनेशनल के महासचिव हैं। जॉन के पिता लुबोमिर हेको भी वहां थे, जिन्होंने क्लब की स्थापना में मदद की थी। यूके और कनाडा के रोटरी क्लबों ने यूक्रेन के अस्पतालों में चिकित्सा उपकरणों की आपूर्ति करने वाली विभिन्न सेवा परियोजनाओं का सहयोग किया, चेरनोबिल आपदा के पीड़ितों की सहायता की और आंखों, दंत चिकित्सा और ईएनटी सर्जरी के लिए स्वयंसेवी डॉक्टरों की सहायता की थी। 1996 में, रोटरी क्लब ऑफ़ कीव ने देश को पोलियो मुक्त करने के लिए 4 मिलियन बच्चों का टीकाकरण किया था ।

यूक्रेन की स्वतंत्रता के साथ, इसका नाम कीव (Kiev) से कीव (Kyiv) में बदल गया। एक किंवदंती है कि तीन भाइयों - की, शेक और खोरीव - ने इस शहर की स्थापना की थी। कीव (Kyiv) ने अपना नाम सबसे बड़े भाई कीव (Kyi) से लिया है ।

अपनी पहली यात्रा के बीस साल बाद, 2012 में एक रोटरी सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में कीव जाना हुआ था।

हमने कई परियोजनाओं का निरिक्षण किया। उनमें से एक मुझे आज भी अच्छी तरह से याद

यूक्रेन और उसके लोगों के साथ सबंध होने के कारण मुझे बहुत तकलीफ हुई है। उनकी प्रगति का विध्वंस देख कर मेरा दिल रो पड़ता है।

1992 में यूक्रेन में रोटेरियनों के साथ PRIP राजेंद्र साबू और उषा (बाएं, बैठे हुए)। चित्र में रो ई के महासचिव जॉन ह्यूको और उनकी पत्नी मार्गरीटा (दाहिनी ओर खड़ी हुए), और उनके पिता रोटेरियन लुबोमिर ह्यूको (दाएं से चौथे स्थान पर खड़े हुए) शामिल हैं।

है, रोटेरियन इल्या एम येमेट्ज़ द्वारा संचालित, चिल्ड्रन कार्डिएक सेंटर। इस केंद्र का मुख्य आकर्षण था एंटीलॉग गर्भनाल रक्त का उपयोग कर दुनिया की पहली ओपन-हार्ट सर्जरी और दुनिया की पहली - ओपन-हार्ट और लीवर ट्यूमर की एक साथ सर्जरी, और फिर यूक्रेन का पहला नवजात रॉस खख ऑपरेशन। वे केवल स्वास्थ्य क्षेत्र में ही नहीं बल्कि, बल्कि प्रौद्योगिकी, संचार, कंप्यूटर और औद्योगिक विनिर्माण में भी प्रगति कर रहे थे।

कीव डॉल्स थियेटर में सम्मेलन का आयोजन किया गया था और कीव रोटरी क्लब की 20 वीं वर्षगांठ मनाने के लिए हमारी शाम मोटरबोट पर थी। दो दशकों में हुई ज़बरदस्त प्रगति देख कर ख़ुशी हुई क्योंकि इसमें 46 रोटरी क्लब जुड़ गए हैं।

रोटरी इंटरनेशनल ने इस निरर्थक युद्ध के पीड़ितों की सहायता के लिए लाखों डॉलर एकत्रित किये हैं।

मैं एक खूबसूरत यूक्रेन और उसके लोगों के बारे में सोचते हुए अपनी बात ख़त्म करता हूं। उनकी प्रगति का विध्वंस देख कर मेरा दिल रो पड़ता है। महान यूक्रेनी कवि तारास शेवचेंको कहते हैं: 'यूक्रेन में, मेरी अपनी भूमि; एक न्यायसंगत और विस्तृत भूमि।' और उनके *माई टेस्टामेन्ट* से: 'और इस विशाल नए परिवार में; स्वतन्त्र लोगों के परिवार में; हौले से, मधुर शब्दों में; मुझे भी याद करना।'

1992 में RI अध्यक्ष के रूप में PRIP साबू क्लब के अध्यक्ष व्लादिमीर कुलिक को रोटरी क्लब कीव का चार्टर प्रस्तुत करते हुए। फ़िनलैंड के तत्कालीन डीजी अर्ने वालिकांगस (दाएं) और विशेष प्रतिनिधि पीटर रूएक चित्र में शामिल हैं।

लेखक पूर्व रो ई अध्यक्ष है

© The Tribune

Rotary PEOPLE OF ACTION

रोटरी 300 रोगियों के लिए डायलिसिस की सुविधा प्रदान करता है

टीम रोटरी न्यूज़

रोटरी क्लब मीरा रोड, रो ई मंडल 3141 ने फरवरी में रोटरी की 117 वीं वर्षगांठ मनाने के लिए भक्ति वेदांत अस्पताल के सहयोग से 'ए डायलिसिस ए डे' स्वास्थ्य सेवा शुरू की। क्लब ने घाटकोपर में फैब - टेक नामक एक फैब्रिकेटिंग कंपनी के सहयोग से 25 रोगियों के लिए 300 डायलिसिस प्रक्रियाएं और 35 रोगियों के लिए मोतियाबिंद सर्जरी की प्रतिबद्धता जताई है।

परियोजना अध्यक्ष दीपक चावला ने डायलिसिस और मोतियाबिंद सर्जरी के लिए मरीजों की पहचान करने में मदद की, और क्लब के सदस्य संजीव गांधी सीएसआर पार्टनर ले आए।

क्लब के सदस्य आनंद भटकल ने कहा कि क्लब की सेवा जारी रखने की योजना है और उन्होंने परियोजना की सहायता के लिए कुछ अन्य कंपनियों की पहचान की है। ■

Rtn. W.M. Nirmal Raghavan
District Governor 2021 - 22

Rotary

GLIMPSES OF

"Ezhuchi" District Conference



RID A S Venkatesh & PDG Sv.Rm Abirami Ramanathan as Chief Guests and PDG Rajani Mukerji & Ballari Mukerji as RI President Representative

" Chithirai Kondatam" Tamil cultural Fest

Biggest gathering of the year , nearly 4000 Rotarians along with their family members participated in the Tamil culture Fest.

Educating Rotarians

Conducted RLI for more than 300 Rotarians in current year

Vergalukku Vandhanam

Recognition of Rotarians for their 25 years of Rotary service

districtgovernor3231@gmail.com

+9198658 77700

ADVT.

SERVE TO CHANGE LIVES

DISTRICT 3231

Woman Empowerment

Various women empowerment programs were conducted and honoured empowered women of the society

Go Green Initiative

Plantation and Bamboo Seeds Sowing by all the clubs

Rotary Institute "MAHABS 2021"

Honoured as Venue Chairman by RI President Shekhar Mehta at the Rotary Institute

Plastic Free Awareness Rally

Conducted Plastic Free Awareness Program along with District Collector and Superintendent of police at Ranipet revenue district

facebook.com/district3231

Rotary PEOPLE OF ACTION

कैंसर के उत्तरजीवियों के लिए कृत्रिम स्तन

किरण ज़ेहरा

2019 में उन्हें स्तन कैंसर के बारे में पता चला और वह इस सदमे से जूझ रही थी कि ''मेरे स्तनों में से एक को निकाल दिया जाएगा। मैं उस दर्द के बारे सोचने से ज्यादा उस शर्मिंदगी के बारे में सोच रही थी कि अब मेरा शरीर फिर कभी सामान्य नहीं दिखेगा,'' स्तन कैंसर की उत्तरजीवी महाराष्ट्र के नासिक की 29 वर्षीय दीपमाला चिपोड़े कहती है। सर्जरी के बाद उसके डॉक्टर ने उससे पूछा कि क्या वह एक निटिड नॉकर का प्रयोग करना चाहेंगी जो उन महिलाओं के लिए एक हस्तनिर्मित कृत्रिम स्तन का काम करता है जो मास्टेक्टॉमी, लम्पेक्टोमी और विकिरण से गुजरी है। ''मैंने तुरंत हाँ कह दिया!''

रोटरी क्लब नासिक ग्रेपसिटी, रो ई मंडल 3030, रोटरी क्लब अकोला के सहयोग से नासिक और अकोला के 12 कैंसर अस्पतालों में इन कृत्रिम स्तनों को उपलब्ध करवा रहा है। ''जब स्तन कैंसर की बात आती है तो पुनर्वास प्राथमिक होता है,'' क्लब की एक सदस्य, डॉ आभा पिंपरीकर कहती है। नासिक के क्यूरी मानवता कैंसर सेंटर में एक नैदानिक अनुसंधान समन्वयक होने के नाते ''मैं इन महिलाओं की दुखद दुर्दशा को देखती हूँ। मेरे शोध से मुझे यह समझने में मदद मिली कि वे न केवल अकल्पनीय दर्द से गुजरती है, बल्कि सर्जरी के बाद 'एक महिला की तरह न दिख पाने' का तनाव उन्हें अंदर ही अंदर खाए जाता है। यह सर्जरी केवल निशान ही नहीं छोड़ती बल्कि यह आजीवन रहने वाला सदमा बन जाती है।''

गरीब, ग्रामीण पृष्ठभूमि से ताल्लुक रखने वाली ये महिलाएं सिलिकॉन से बने कृत्रिम स्तन

साईशा इंडिया फाउंडेशन की सदस्य बुना हुआ नॉकर बनाती हुयी।

दाएँ से: डॉ आभा पिंपरीकर, डीजीएन आशा वेणुगोपाल, क्लब सचिव जयंत खैरनार, क्लब अध्यक्ष अनिल देशमुख, डीजीई डॉ आनंद झुनझुनवाला, क्लब सदस्य डॉ शैलेश बोंडार्डे और कोषाध्यक्ष राजन पिल्लई स्तन कैंसर कृत्रिम अंग को बढ़ावा देते हैं।

सर्जरी के बाद 'एक महिला की तरह न दिख पाने' का तनाव उन्हें अंदर ही अंदर खाए जाता है। यह सर्जरी केवल निशान ही नहीं छोड़ती बल्कि यह आजीवन रहने वाला सदमा बन जाती है।

डॉ आभा पिंपरिकर
रोटरी क्लब नासिक ग्रेपसिटी

का खर्च वहन नहीं कर सकती। ''सर्जरी के निशान को पूरी तरह से ठीक होने में लगभग एक साल लगते है। लेकिन सर्जरी के तुरंत बाद एक पूर्ण स्तन का भ्रम पैदा करने के लिए, कुछ महिलाएं अपनी ब्रा में रूमाल, कागज या कपास भर लेती है,'' आभा कहती है आगे यह बताते हुए कि सर्जरी के बाद इससे संक्रमण हो सकता है।

''इस सर्जरी से गुजरने के बाद, किसी बहिष्कृत व्यक्ति की तरह मजाक उड़ाया जाना या दुर्व्यवहार किया जाना अपमानजनक लगता है क्योंकि लोग समझते है कि हम शापित है,'' दीपमाला आगे कहती है कि वह इस बारे में किसी से भी बात नहीं करना चाहती थीं क्योंकि ''मैं नहीं चाहती कोई मुझ पर हँसे।'' निटिड नॉकर्स की वजह से अब ''मैं आत्मविश्वास से भरपूर हूँ और अब मैं शादियों एवं धार्मिक समारोहों में साड़ी ब्लाउस पहनकर जा सकती हूँ।''

आभा कहती है पारंपरिक कृत्रिम स्तन की तुलना में निटिड नॉकर्स नरम और आरामदायक होते है और सर्जरी के दो महीने के अंदर इन्हें पहना जा सकता है। ''वे एक महिला को उसका मूल स्वरूप लौटा सकते है और साथ ही उसे फिर से आत्मविश्वास से भरपूर और पूर्ण महसूस करवा सकते है।''

क्लबों ने शौकीन एवं अनुभवी क्रोशिया का काम करने वालों और बुनकर द्वारा बनाए गए कृत्रिम अंग के स्रोत के लिए मुंबई स्थित एक गैर सरकारी संगठन, सायशा इंडिया फाउंडेशनम, के साथ साझेदारी की है। यह गैर सरकारी संगठन अमेरिका के *Knittedknockers.org* पर पंजीकृत है और यह नॉकर्स उनके द्वारा निर्दिष्ट पैटर्न से बनाए जाते है लेकिन स्थानीय जरूरतों के हिसाब से डिज़ाइन किए जाते है।

इस परियोजना के शुरुआती चरण में नासिक के दो प्रमुख कैंसर अस्पतालों में लगभग 10 जोड़ी नॉकर वितरित किए गए थे। रोगियों से मिली सकारात्मक प्रतिक्रिया और अस्पतालों के समर्थन से क्लबों ने इस परियोजना को बड़े पैमाने पर ले जाने का फैसला किया। इसे बाद में रो ई मंडल 3030 की परियोजना के रूप में शुरू किया गया और पूरे मंडल के क्लबों ने अब तक 6000 नॉकर्स वितरित किए है।

उपयोगकर्ताओं ने पुष्टि की है कि नरम और पर्यावरण के अनुकूल होने के अलावा इन कृत्रिम अंगों ने उन्हें आराम और आत्मविश्वास प्रदान किया है और उनकी शारीरिक मुद्रा को बेहतर बनाने में मदद की है, आभा कहती है। ''जब हमने शुरुआत की, तो हमारे दिमाग में बहुत कम आँकड़े थे और हमने कभी नहीं सोचा था कि यह एक मंडल स्तरीय परियोजना बन जाएगी। अब हमें अस्पतालों से लगातार फोन आते है जो हमसे और अधिक नॉकर्स का अनुरोध करते है,'' वह मुस्कुराती है।

इस परियोजना का पूरे मंडल में समर्थन करने वाली DGN आशा वेणुगोपाल की उपस्थिति में DGE डॉ आनंद झुंझुनूवाला ने इस परियोजना का उद्घाटन किया। ■

RID 3291 का DisCon

टीम रोटरी न्यूज़

रोई मंडल 3291 ने परियोजना *वीरांगना* के तहत 2,500 आत्मरक्षा कार्यशालाएं आयोजित की जिन्हें अन्य क्लबों द्वारा दोहराए जाने हेतु वैश्विक स्तर पर प्रदर्शित किया जा सकता है, रो ई अध्यक्ष शेखर मेहता ने कोलकाता में *अधिबेषण* नामक दो दिवसीय मंडल सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा। उन्होंने DG प्रबीर चटर्जी की ''लोगों के जीवन को बदलने हेतु उत्कृष्ट काम'' करने के लिए प्रशंसा की।

मेहता ने 2027 तक भारत को 100 प्रतिशत साक्षर बनाने के अपने दृष्टिकोण का उल्लेख करते हुए कहा, ''अगर हम सभी एक साथ काम करते है, तो कुछ भी असंभव नहीं है। पहले किसी ने नहीं सोचा था कि दुनिया से पोलियो का खत्म किया जा सकता है लेकिन रोटरी ने इसे एक चुनौती के रूप में लिया और अब पोलियो लगभग खत्म हो चुका है।'' उन्होंने कहा कि भारत को साक्षर बनाने में सरकार की तुलना में रोटेरियनों की भूमिका बड़ी है, और याद किया कि क्षेत्रीय भाषाई चैनलों के माध्यम से ई-लर्निंग के प्रसारण हेतु केंद्र सरकार के साथ एक समझौता ज्ञापन हस्ताक्षरित किया गया है। साथ ही मुंबई क्लबों द्वारा युगांडा के 100 बच्चों की दिल की सर्जरी की जाएगी। उन्होंने रोटेरियनों से संस्थान को उदारतापूर्वक दान देने का आग्रह किया।

अपने भाषण में, ब्राजील के RIPR मारियो केज़र मार्टिन्स डी कैमरगो (रो ई मंडल 4420) ने कहा कि भारत के रोटेरियन सक्रिय रूप से स्वयं हर कार्य में शामिल होकर बहुत अच्छा काम कर रहे है और कहा कि DG चटर्जी ने रोटरी के सभी ध्यानाकर्षण क्षेत्रों में अनेक परियोजनाएं शुरू की है। भारत में रोटरी तेज़ी से बढ़ रही है, उन्होंने कहा।

रो ई अध्यक्ष शेखर मेहता के साथ आरआईपीआर मारियो सीज़र मार्टिन्स डी कैमार्गो (बाएं से पांचवें), उनकी पत्नी डेनिस और डीजी प्रबीर चटर्जी (बाएं से दूसरे)।

रोटरी सेवा दिवस

मंडल परियोजनाओं की प्रमुख विशेषताओं पर प्रकाश डालते हुए DG चटर्जी ने कहा कि सभी क्लब रो ई मंडल 3291 द्वारा हर महीने आयोजित किए जाने वाले रोटरी डे ऑफ सर्विस में अपने विशाल कार्यक्रमों और समारोहों का प्रदर्शन करते है। ''मंडल के सभी रोटेरियनों के लिए विरांगना सत्र भी आयोजित किए जा रहे है। *प्रोजेक्ट हरियाली* ने कोलकाता और उसके आसपास लगभग दो लाख पौधे लगाए; रक्तदान शिविरों में 1,000 यूनिट से अधिक रक्त एकत्रित किया गया; अब तक 5,000 स्कूल बैग वितरित किए गए; और पुनर्वास घरों में महिलाओं को कंबल और जूते वितरित किए गए,'' उन्होंने कहा। रो ई मंडल 3240 के साथ एक संयुक्त परियोजना में वंचित छात्रों के लिए एक स्कूल का उद्घाटन किया गया और एक अन्य परियोजना निर्माणाधीन है जिसमें 1,000 छात्राओं को नि:शुल्क बोर्डिंग सुविधा दी जाएगी।

अब तक मंडल के क्लबों ने 29,000 नेत्र सर्जरियाँ प्रायोजित की है और वे HIV पॉजिटिव बच्चों, बचपन में कैंसर और थैलेसीमिया रोगियों के लिए जागरूकता शिविर आयोजित कर रहे है; गांवों में 200 शौचालय बनाए गए; और मंडल में गरीब बच्चों के लिए नि:शुल्क हृदय सर्जरियाँ आयोजित की जा रही है। ''मेहता ने कोलकाता में 650 बिस्तरों वाले एक मल्टी-स्पेशियलिटी रोटरी टेक्नो इंडिया अस्पताल की नींव रखी जो हमारे रोटेरियनों के लिए एक गर्व का क्षण था।'' सभी रोटेरियनों, रोटरेक्टरों और उनके परिवारों को अपनी तरह के प्रथम वेलनेस कार्ड दिए गए ताकि वे रियायती दर पर चिकित्सा सेवाओं का लाभ उठा सकें।

(बाएं से) पीडीजी रजनी मुखर्जी, आरआईपीआर डी कैमार्गो, पीडीजी रवि सहगल और रुबीना चटर्जी की उपस्थिति में, डीजी चटर्जी ने पुडुचेरी की पूर्व उपराज्यपाल किरण बेदी को सम्मानित किया।

अध्यक्ष मेहता ने सम्मेलन में पोलियो जागरूकता रैलियों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इसके पहले, PDGयों, क्लब अध्यक्षों, रोटरेक्टरों और इंटरेक्टरों ने रोटरी अध्यक्ष और उनके साथ मौजूद RIPR डी कमार्गो एवं उनकी पत्नी डेनिस; RIDN अनिरुद्ध रॉय चौधरी और उनकी पत्नी शिप्रा; और DG चटर्जी और उनकी पत्नी रुबेना का स्वागत किया।

मंडल सम्मेलन सत्र

दो दिवसीय सम्मेलन के दौरान कई दिलचस्प सत्र और चर्चाएं आयोजित की गईं। PDG गुरजीत सिंह सेखों, रो ई मंडल 3070, ने सदस्यता वृद्धि और अवरोधन पर सत्र का नेतृत्व किया; पूर्व IPS अधिकारी रीना मित्रा ने महिला सशक्तिकरण पर बात की; रोटेरियन उत्पल चटर्जी ने व्यावसायिक सेवा पर एक भाषण दिया; और रोटरेक्टरों ने युवा सेवा पर एक वीडियो प्रस्तुत किया।

भारतीय वायुसेना की पूर्व अधिकारी तूलिका रानी ने माउंट एवरेस्ट पर चढ़ने के अपने अनुभव को साझा किया। डॉ देबाशीष दास, रो ई मंडल 3240, ने TRF को देने के महत्व पर ध्यान केंद्रित किया; डॉ राजीब हांडिक ने शांति निर्माण पर ध्यान केंद्रित किया; PDG उत्तम गांगुली ने पोलियो उन्मूलन पर एक सत्र की अध्यक्षता की; और PDG दीपक शिकरपुर, रो ई मंडल 3131, द्वारा रोटरी की सार्वजनिक छवि पर आयोजित सत्र का संचालन किया गया। पुडुचेरी की पूर्व उपराज्यपाल किरण बेदी को नारी शक्ति पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इस पूरे कार्यक्रम का समन्वयन डॉ अरविंद रे और पौलामी नेओगी द्वारा किया गया। सम्मेलन अध्यक्ष हरिराम गर्ग ने प्रतिनिधियों का स्वागत किया। ■

Rotary PEOPLE OF ACTION

चेन्नई के पास ग्रामीण स्कूलों को दिए गए कंप्यूटर

डिजिटल शिक्षा को बढ़ावा देते हुए, रोटरी क्लब, महिंद्रा इंडस्ट्रियल सिटी, रो ई मंडल 3231 ने ग्रामीण बेल्ट के तीन सरकारी स्कूलों में कंप्यूटर दान किए, और छात्रों को सॉफ्ट स्किल्स में प्रशिक्षित करने का बीड़ा उठाया है। कट्टानकोलाथुर के सरकारी स्कूल, पंचायत यूनियन प्राइमरी स्कूल, चेंगलपेट में थिमवरम; और पंचायत यूनियन मिडिल स्कूल, पंडितापट्ट तिरुवन्नामलाई में कुल 1,000 से अधिक छात्र लाभान्वित होंगे।

छात्र कंप्यूटर में अपना नाम टाइप करने के लिए उत्साहित थे, क्लब ट्रेनर, आर कार्तिक ने बताया। ■

Jeevan
a historical confer

Rtn Shekhar Mehta
RI President



Rtn Ramesh Meher
District Governor

Dear DG Rameshji,
It gives me great pleasure to have been the RIPR to your honoured District Conference on board the cruise ship from May 7–9, 2022. Mamta and me are happy with the prompt attention bestowed on us and the impeccable arrangements at the conference on board the ship. I was very touched with your gesture to host us for dinner in Mumbai on Friday evening, despite your preoccupation and long drive from Nashik.

The specially composed melody, *Jeevan Jashna hai*, played at the inaugural session of the conference vibed well with the occasion. The sessions were conducted flawlessly and crisply with zero time lag or wastage. Through your speech we came to know important and relevant facts about the achievements of your district. My compliments for the milestones achieved in membership growth and TRF contributions. Most apt to the name *Jeevan Jashna*, the session was held in a joyful, warm and celebratory spirit. I have not seen any conference held in such an atmosphere before.

The next morning we began early with a CoG meet and the discussions and interaction were useful and impressive. It was a privilege for me to meet each and every past leader, who were truly PDGs — Pearls, Diamonds, and Gems — of Rotary. It was also wonderful to see the future leadership of DGE Anand Jhunjhunwala, DGN Asha Venugopal and DGND Rajinder Khurana absolutely ready to lead and continue the work of Rotary. My best wishes to them.

The conference had a galaxy of star speakers on a variety of subjects. Dr Prajakta Kolapkar and Dr Abhijeet Sonavne mesmerised us with their immense dedication of service to underprivileged. Dr Hitendra Mahajan of your own district was an inspiration. The popularity of Dhananjay Deshpande who spoke on cybercrime was evident at the conference; he was holding mini sessions at several tables long after the official session was over. And of course the ultimate crown in the jewel was Rakesh Bedi, the popular film actor. With his humour, wit and charm, he was immensely loved by all. The closing poems and lines from him were truly memorable. A special mention of the evening fellowships on both days — a fantastic display of Rotary bonding and celebration and the joy of being together. DG Rameshji, the District Conference was not just an official function, it was your dream, fulfilled with lot of effort despite trials and problems at every step. You could achieve an attendance of 748, which few could have expected. Many congratulations, this was a pioneering step from you, probably the first time a District Conference was held on a cruise ship. My appreciations to Shardaji, Neha, Conference chair PP Suresh Shinde, Conference secretary Seema Pachhade, district secretary PP Vijay Tijare, host club president Pradeep Pachhade and the others who gave us so much love, respect and care. Our aides PP Virendra and Rachana Patrikar were simply outstanding in their constant assistance and care throughout. We will forever cherish the beautiful memories of *Jeevan Jashna* and of our bonding with RI district 3030.

I hope that our relationship will build with new opportunities for service and fellowship.

With warm regards

Ajay Agarwal
Past District Governor, RID 3291

Jashna
ence of RID 3030

जीवन RID 3030 RY 2021-22 LIVE LIFE.... GIVE LIFE

SERVE TO CHANGE LIVES

DG Ramesh ji and Sharda,

It was an honour for us to represent RI President Shekhar Mehta and the First Lady Rashi. Hope we did justice to our given assignment. Rotary is a unique organisation. Along with service opportunity, it paves the way for its members to meet new people. We too forged some long lasting association with many of you, while attending your District Conference, “Jeevan Jashna”. For me it turned out as a real “Jashna”, where I interacted with many remarkable and accomplished people. The unique experience of attending a conference on a cruise was a first for me. It all began with marching with the CoGs and I noticed that minute details were well taken care of, most importantly the time! The proceedings moved smartly and as per the time allotted. I loved the theme song of your district. It has beautiful lyrics and is melodious too. I am happy that I could spend time with many Rotarians and it was a great pleasure to share views with them on Rotary and otherwise. The clubs are doing immensely well and the club leaders are highly motivated and committed to Rotary’s ideals. The food, fellowship, accommodation, entertainment — all of it were so good. Ramesh ji, I came to know of a different side of you, when you became emotional. I was equally impressed by your humility and I also noticed your personal involvement in everything. You were present at the time of boarding and also disembarkation. You even joined your members during fellowship and shook a leg with them. Sharda, you proved to be a great support to Ramesh ji. I saw you guiding the MCs as well, to make sure that all goes well. You beautifully shouldered the responsibilities of your partner, and allowed him to give his 100% as DG. The credit for this successful event goes to you too. Please convey my warm regards to all PDGS and their partners, incoming DGs and First ladies, conference chairman and his team for taking good care of me. I never felt alone or otherwise. Virendra and Rachna, our aides were with us like a shadow and were a big help. The staff of the cruise were cordial too. All in all, I was happy that I could be a part of this adventurous event. I enjoyed every bit of it and can rate this conference as A++!!

With my best wishes to both of you,

Mamta Agarwal

हैदराबाद सम्मेलन में अध्यक्ष मेहता ने पुरानी यादें ताज़ा कीं

रशीदा भगत

आप रोटेरियनों द्वारा किए गए अविश्वसनीय कार्यों के लिए धन्यवाद, हमारी सदस्यता (इस क्षेत्र में) में शुद्ध 19,213 की वृद्धि हुई है, जो भारत में पिछले पांच वर्षों में हुई रोटरी की सकल वृद्धि के बराबर है। और साल खत्म होने से पहले हमारे पास दो महीने और बचे हैं। दक्षिण एशिया में कुल सदस्यता 184,000 है, जो 200,000 के जादुई निशान से केवल 16,000 कम है।''

इन उत्साहपूर्ण शब्दों के साथ, रो इ अध्यक्ष शेखर मेहता ने हैदराबाद में रो इ अध्यक्षीय सम्मेलन के उद्घाटन सत्र आगाज़ किया। इस शानदार उपलब्धि के लिए मंडल अध्यक्षों को बधाई देते हुए उन्होंने कहा कि रोटरी परिवार में 20,000 नए सदस्यों को शामिल करने का मतलब होगा कि रोटरी के खजाने में हर साल, साल दर साल ₹11.25 करोड़ या 1.5 मिलियन डॉलर का अतिरिक्त योगदान। इसमें हमारे क्षेत्र से टीआरएफ में किये गए लगभग ₹22 करोड़ या 3 मिलियन डॉलर का योगदान जोड़ें। और दक्षिण एशिया में रोटरैक्ट का विकास भी किसी चमत्कार से कम नहीं है; आज तक, इस वर्ष के लिए यह सख्या है-23,000 रोटरेक्टर।

सम्मेलन के संयोजक और पूर्व निदेशक कमल सांघवी और सम्मेलन के अध्यक्ष पीडीजी रवि वडलामणि को ''3,000 रोटेरियनों के साथ एक शानदार आयोजन, जो रोटरी दुनिया में इस वर्ष का दूसरा सबसे बड़ा आयोजन है'' के लिए बधाई दी ... निश्चित रूप से रो इ का सबसे बड़ा आयोजन ह्यूस्टन सम्मेलन होगा, उन्होंने कहा कि ''दक्षिण एशिया के रोटेरियनों द्वारा किये गए कार्य ''अतुलनीय'' है।''

''ये सभी नए सदस्य हमें और अधिक करने और आगे बढ़ने में सहायक होंगे। हमने इन वर्षों में जो काम किया है वह निस्संदेह उत्कृष्ट और अद्वितीय है। ये अतिश्योक्ति नहीं जब मैं कहता हूं कि भारत में रोटरी, रोटरी इंटरनेशनल के ताज का कोहिनूर है। जरा आंकड़ों पर नज़र डालिये .... पिछले 10 वर्षों में हमने 20,000 दिल की सर्जरी, 200,000

आंखों की सर्जरी की है, पूरे भारत में 100 से अधिक अस्पतालों का निर्माण किया है, हम 50 से अधिक ब्लड बैंक चलाते हैं और हमने 7,000 से अधिक पोलियो प्रभावित बच्चों की सर्जरी की है, कई चिकित्सा शिविर आयोजित किए हैं और लाखों का इलाज किया है।''

मेहता ने बताया कि जब कोविड महामारी का मुकाबला करने का समय आया तो भारत के रोटेरियन सबसे आगे थे। ''कोविड के खिलाफ हमारी लड़ाई पीएम केयर्स फंड में ₹105 करोड़ के योगदान के साथ अनुकरणीय रही है और जमीनी स्तर पर हमने उस राशि से दुगुने मूल्य के काम किये है। हजारों ऑक्सीजन संकेंद्रक और अस्पताल के हजारों बिस्तर दान किए गए और पूरे भारत में लोगों की सेवा की कुछ अद्भुत कहानियां रची गईं। शेल्टर किट के माध्यम से आपदा प्रबंधन में हमारा काम पथ-प्रदर्शक का रहा है; भारत में हमने पिछली 20 आपदाओं में 70,000 से अधिक आपदा पीड़ितों की सेवा की है।''

रोटरी के अन्य फोकस क्षेत्रों में भी भारतीय रोटेरियनों का काम उतना ही प्रभावशाली रहा है।

रो ई अध्यक्ष मेहता, राशी, सोनल और सम्मेलन संयोजक पीआरआईडी सांघवी।

''आरआईएलएम सत्ता के साथ-साथ सेवा के गलियारों में भी एक परिचित नाम बन गया है। पीएम के ई-विद्या और अन्य चैनलों द्वारा हमारे ई-कंटेंट प्रसारण के माध्यम से प्रतिदिन लाखों बच्चे लाभान्वित होते हैं। लड़कियों को सशक्त बनाने की हमारी पहल अभिनव और प्रभावशाली रही है और इस काम का श्रेय मैं मंडल अध्यक्षों को देता हूं। पानी और स्वच्छता क्षेत्र में भी बहुत बड़ा काम हो रहा है और हजारों चेक डैम, जल निकायों का कायाकल्प, स्कूलों में हजारों WinS कार्यक्रम, सभी दक्षिण एशिया में रोटेरियनों के समर्पण की कहानी कह रहे हैं।''

रो ई अध्यक्ष ने कहा और गौरव की बात ये है कि 2011 में पोलियो उन्मूलन और 2014 में भारत के पोलियो मुक्त प्रमाणित होने के पश्चात भी, ''हम पोलियो उन्मूलन कार्यक्रमों में निरंतर योगदान कर रहे हैं।''

कई वर्षों से टीआरएफ योगदान में भारत का दूसरा स्थान रहा है और इसका श्रेय रोटेरियनों की उदारता को जाता है। ''अगर *ग्रो मोर, डू मोर* का सबसे अच्छा उदाहरण देखना है तो वो यहीं है। *स्वयं से ऊपर की सेवा* का उत्सव है यह अध्यक्षीय सम्मेलन फोकस के सभी सात क्षेत्रों में काम करता है।''

मेहता ने कहा कि रोटरी लोगों में जीवन परिवर्वर्तित करने की अभिलाषा जागृत करती है ''और मुझे भी अपने जीवन का मंत्र यहीं मिला - *सेवा वो किराया है जो हम इस दुनिया में रहने वाली जगह का उपयोग करने के लिए देते हैं।* लेकिन 25 साल की उम्र में वो जब रोटरी में शामिल हुए थे तब उनका मिशन सेवा नहीं था; हाल ही में मेरी ज़िन्दगी, मेरी मुहब्बत, राशि से मेरी शादी हुई थी, मैं एक सुखी पारिवारिक जीवन में प्रवेश कर चुका था, ज़िन्दगी आराम से चल रही थी, दूसरों की तकलीफ से अनजान था।'' अपने रोटरी क्लब से जुड़ने के बाद ही उन्होंने 'सेवा' शब्द का अर्थ समझ आया, दूसरों की देखभाल करना, दूसरों के साथ साझा करना। गांव-गांव जाकर, मुझे एहसास हुआ कि हम

***बाएं:** रो ई अध्यक्ष शेखर मेहता और राशी, रो ई निदेशक डी विरपी के होनकला, ए एस वेंकटेश, सम्मेलन के संयोजक पीआरआईडी कमल संघवी और अध्यक्ष रवि वडलमणि, रोटरी इंडिया हीरो अवार्ड प्राप्तकर्ता माया विश्वकर्मा को सम्मानित करते हुए। **चित्र में बाएं से:** राज्यलक्ष्मी वडलमणि, डॉ अमिता कोटबागी, टीआरएफ ट्रस्टी अज़ीज़ मेमन और पीडीजी डॉ ज़मीर पाशा (चरम दाएं) भी शामिल है।*

छोटी-छोटी बातों पर इतना बखेड़ा खड़ा कर देते हैं करते हैं जो हमारे घरों से सिर्फ 50 किमी दूर रहने वाले इन लोगों के लिए सिर्फ एक सपना है।

एक मर्मस्पर्शी टिप्पणी करते हुए, रो इ अध्यक्ष ने कहा: ''हम अक्सर ध्यान रखते हैं कि हमारे घरों में छत कितनी ऊंची होनी चाहिए, लेकिन जब राशि और मैं कई गांव में गए तो देखा उन झोपड़ियों में हमसीधे खड़े भी नहीं हो सकते थे । हमें फव्वारे के नीचे गर्म पानी से स्नान पसंद है जबकि इनके घरों में तो शौचालय ही नहीं थे। हम पूरा ध्यान रखते हैं कि हमारा पीने का पानी उबला हुआ या फ़िल्टर किया गया हो; वो उस तालाब का पानी पीते हैं जहाँ वे और उनकी भैंस एक साथ नहाते थे। राशी और मैं अक्सर बात किया करते थे कि हमारे बच्चों के स्कूल का कैंपस कितना बड़ा होना चाहिए, लेकिन गाँव के बच्चों का स्कूल तो अक्सर एक पेड़ के नीचे चलता है। शीघ्र ही मुझे मालूम चल गया कि दुनिया दो प्रकार की हैं; एक मेरी जो आरामदायक, और दूसरी सिर्फ 50 किमी दूर, जहां आराम सिर्फ एक सपना था। और बीच में था मेरा रोटरी क्लब जो जीवन परिवर्तित करने के लिए सेवा का प्रयास कर रहा था।''

रोटरी ने उन्हें नेतृत्व के अवसर भी दिए हैं। रोटरी में अपनी सेवा के मार्ग के बारे में विस्तार से बताते हुए, मेहता ने कहा, ''मैं 29 की उम्र में क्लब अध्यक्ष, 39 में मंडल अध्यक्ष, 49 में रो इ निदेशक और 59 में रो इ अध्यक्ष बना। लेकिन मेरा हमेशा से विश्वास था कि नेतृत्व का मतलब सेवा है और ये कोई पद नहीं है। नेतृत्व के हर महत्वपूर्ण पड़ाव ने मुझे बड़ी परियोजनाऐं करने के अवसर दिए और मेरे क्षितिज का निरंतर विस्तार होता गया।''

इसका मूल उद्देश्य था समस्याओं का समाधान ढूंढना; ''समस्या जितनी विशाल होगी, चुनौती भी उतनी ही बड़ी होगी और देश और समाज की सहायता करने से मिलने वाली संतुष्टि भी उतनी ही बड़ी। 10 साल पहले हमने कुछ अजीबोगरीब लक्ष्य निर्धारित किए थे, जैसे कि 5,000 दिल के ऑपरेशन। मुझे यह बताते हुए खुशी हो रही है कि 5,000 के बजाय हम 20,000 ऑपरेशन कर चुके हैं। हम 50 नेत्र अस्पताल बनाना चाहते थे, मुझे नहीं पता कि हमने कितने स्थापित किए, लेकिन मैं 19 की स्थापना में तो खुद शामिल था।''

ऊपर: राशी मेहता और सोनल संघवी उन छात्रों के साथ जिन्हें टैबलेट मिले।

इस क्षेत्र में रोटरी की कुछ अन्य उपलब्धि शेल्टर किट कार्यक्रम की शुरुआत रही ''जो भारत में एक प्रमुख आपदा प्रबंधन कार्यक्रम बन चुका है।''

भारत को साक्षर बनाने में ''हमने भले ही नन्हे कदमों से शुरुआत की हो लेकिन छलांग हमने बहुत बड़ी लगाई है। जैसे-जैसे परियोजनाओं का आकार बड़ा होता गया, वैसे-वैसे मेरे कार्य का क्षितिज भी बढ़ता गया; कार्यक्रम बड़े होते गए और सेवा का एक पूरा चक्र बन गया।''

इस मार्ग में, सैकड़ों ''डीजी, पीडीजी, और हजारों रोटेरियन, परियोजनाओं को बड़ा आकार दे कर जीवन परिवर्तित करने के लिए शामिल हुए। इससे मेरा आत्मविश्वास बढ़ा और मैंने राष्ट्राध्यक्षों से मिलना और बड़ी परियोजनाओं की रूप रेखा बनाना शुरू कर दिया, केवल राष्ट्रीय ही नहीं बल्कि अंतर्राष्ट्रीय भी।''

जब उनकी प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाक़ात हुई, मुलाक़ात के बाद जब मैं निकल रहा था, ''उन्होंने कहा: 'जाओ और दुनिया की सेवा करें; भारत में, कृपया महिलाओं के पोषण पर काम करें।'' ये थे, रोटरी के काम में विश्वास रखने वाले, देश के प्रधानमंत्री।''

राशि और उनके लिए यह साल गेमचेंजर रहा; ''हम 30 से अधिक देशों का दौरा कर चुके हैं, कुछ लाख किमी से अधिक यात्रा कर चुके हैं, हर तीसरे दिन हम एक नए देश में होते हैं, यात्रा के दौरान हमें दिन, सप्ताह और यहां तक कि महीने का भी अंदाज़ा नहीं रहता। यह एक कमरतोड कार्य है, लेकिन पृथ्वी ग्रह की सर्वश्रेष्ठ नौकरियों में से एक है। दुनिया के प्रत्येक भाग में भांति भांति के हजारों लोगों से मिलने का आनंद, उनका प्यार, स्नेह, सम्मान प्राप्त करना, सेवा को उसके सर्वश्रेष्ठ रूप में में देखने में अधिक गर्व अनुभव होता है, मुझे और अधिक करने के लिए प्रेरित करता है।''

